हरिभूमि
रायपुर भूमि



# अभी तो गर्मी शुरू हुई है...शहर का हलक तर करने गंगरेल से आ रहा 250 क्यूसेक पानी, और बढ़ेगी मांग

**माहांत तक पहुंच सकती है 300 क्यूसेक तक पानी की डिमांड**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

गर्मी का असर शहर में दिखने लगा है। पखवाड़ेभर पहले जहां शहर में प्रतिदिन 200 से 225 क्यूसेक रॉ वाटर की खपत होती थी,अब उसकी मात्रा बढ़कर 250 क्यूसेक तक जा पहुंची है, यानी गंगरेल डेम से शहर के लिए रोजाना 25 क्यूसेक रॉ वाटर अधिक खरीदना पड़ रहा है। माहांत तक यह मात्रा बढ़कर 300 क्यूसेक तक जा सकती है। जल विभाग के फिल्टर प्लांट से शहर की 45 नई व पुरानी पानी टंकियों के जरिये प्रतिदिन 280 एमएलडी शुद्ध पीने का पानी की आपूर्ति इस समय की जा रही है, गर्मी तेज होने पर आने वाले दिनों में यह मात्रा बढ़कर 300 एमएलडी तक पहुंच सकती है।

शहर की जीवनदायिनी खारुन नदी में प्राकृतिक बहाव से आने वाला रॉ वाटर जनवरी माह में बंद होने के बाद से नगर निगम गंगरेल डेम से शहर के लिए पानी खरीदकर लोगों की प्यास बुझा रहा है। 70 वार्डों के रहवासियों की पेयजल मांग के हिसाब ▶▶|शेष पेज 13 पर

### इन कॉलोनियों में पानी की किल्लत शुरू

शहर के अंदरूनी इलाके सहित आउटर के वार्ड में भी पेयजल संकट को लेकर लोगों ने जोन दफ्तर में शिकायत करनी शुरू कर दी है। नगर निगम जोन-1 के यतियतन लाल वार्ड स्थित बुनियाद नगर, विजयनगर में नलों से पानी कम आने से लोग परेशान हैं। इसी तरह भनपुरी के बंधवा तालाब पार की बस्ती और सतनामी पारा के रहवासियों ने पानी की किल्लत दूर करने टैंकर की मांग की है। वार्ड पार्षद नंदकिशोर साहू का कहना है, होली के बाद प्रभावित इलाकों में नगर निगम किराए के पानी टैंकर भेजेगा।



- 45 पानी टंकियों से प्रतिदिन 280 एमएलडी पानी की आपूर्ति
- जलसंकट प्रभावित इलाकों में 15 मार्च से दौड़ेंगे किराए के टैंकर

### पानी की दिक्कत इन इलाकों में भी

शहीद पंकज विक्रम वार्ड टैगोर नगर स्थित एमआर कॉलोनी, आरएमएस कॉलोनी, छत्तीसगढ़ नगर स्थित महेश किराना स्टोर गली और बंगाली बस्ती में नलों से पानी का प्रेशर कम होने से रहवासी परेशान हैं। पूर्व पार्षद निशा-देवेंद्र यादव ने मुताबिक, उन्होंने प्रभावित इलाके में पानी की समस्या को लेकर 2 से 3 बार खुदाई कर निगम कर्मचारियों से इसकी जांच भी कराई। इसके बाद भी पानी की दिक्कत बनी हुई है। इसलिए जोन के माध्यम से पानी टैंकर भेजकर लोगों की प्यास बुझाई जा रही है। इसी तरह जोन 8 के संत रविदास वार्ड स्थित सरोना बस्ती के पुराना बाजार चौक, ईंट भट्ठा इलाके और डिपरापारा बस्ती, चंदनडीह में पानी की समस्या से लोग परेशान हैं। नगर निगम ने अमृत मिशन के तहत इन इलाकों में नई पाइपलाइन बिछाने सर्वे कराया, पर नया इंटरकनेक्शन बाकी है। पार्षद अर्जुन यादव ने जल समस्या दूर करने की मांग निगम अधिकारियों से की है। बड़ा अशोक नगर की उपरपारा बस्ती में भी पेयजल संकट की शिकायत लोगों ने की है।

### ब्राह्मणपारा वार्ड में पानी नहीं चढ़ रहा

ब्राह्मणपारा वार्ड स्थित धोबीपारा, सारथी चौक इलाका, धोबी सामुदायिक भवन भोईपारा में अमृत मिशन के तहत नई पाइपलाइन बिछाई गई, पर रहवासी इलाकों में पानी नहीं चढ़ रहा। ऐसे में लोग कुएं और बोर के भरोसे काम चला रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### जुआ खेलते धरे गए सात जुआरी, 21 हजार जब्त

**रायपुर।** अभनपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरेंगाभाठा खार में जुआ खेलते सात जुआरियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 21 हजार रुपए कैश जब्त किए हैं। जुआरी रात के अंधेरे में बैटरी चलित लाइट की रोशनी में जुआ खेल रहे थे। जुआ खेलने के आरोप में पुलिस ने प्रवीण कोशले, मयंक सिन्हा, प्रदीप कोशले, हरवंश कोशले, राकेश कुमार गायकवाड़, ज्ञानदास गायकवाड़, नरोत्तम भारती तथा विजय पाल को गिरफ्तार किया है।

### वाहन धीरे चलाने के लिए कहा तो हो गई मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में दो पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ वाहन चलाने के विवाद पर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जोरा निवासी नितेश बांधे ने स्मिश चद्राकर तथा स्मिश ने नितेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया कि स्मिश जोरा ओवरब्रिज के ऊपर तेज रफ्तार कार चला रहा था, जिसे धीरे चलाने के लिए कहने पर मारपीट की। स्मिश ने पुलिस को बताया कि नितेश पिकअप वाहन को कार से सटाकर चला रहा था। पिकअप को कार से दूर करने की बात कहने पर नितेश ने मारपीट की।

### मवेशी से टकराकर गिरी बाइक, महिला की मौत

**रायपुर।** अभनपुर थाना क्षेत्र में मवेशी से टकराकर बाइक से गिरने से गंभीर रूप से घायल महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। तूता निवासी राजनंदनी टंडन की मवेशी से टकराने से मौत हुई है। पुलिस के अनुसार महिला अपने पति रमेश टंडन के साथ बाइक पर बैठकर दवा लेने माना जा रही थी। इसी दौरान तूता चौक में खड़े मवेशी से बाइक टकरा गई और महिला बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई।

### ढाबा मैनेजर पर तलवार से जानलेवा हमला

**रायपुर।** उरला थाने में एक ढाबा के मैनेजर ने रिश्ते में अपने भांजे के खिलाफ विवाद के चलते तलवार से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। टाटीबंद सिलतरा बायपास रोड स्थित न्यू पंजाब ढाबे के मैनेजर जसपाल सिंह ने महाराष्ट्र नांदेड़ निवासी जगीर सिंह तथा उसके साथियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। जसपाल ने पुलिस को बताया कि शनिवार-रविवार दरमियानी रात वह ढाबे में बने कमरे में सो रहा था। इस दौरान जगीर सिंह ने तलवार से उस पर तथा उसके दोस्त पर जानलेवा हमला किया। ढाबा के अन्य कर्मचारी बीच-बचाव के लिए आए तो जगीर सिंह ने उन पर भी हमला किया।

टाटीबंध के एक मकान में जुटे थे सैकड़ों लोग, जबरिया धर्म परिवर्तन कराने का आरोप

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप जमकर हुआ बवाल, गाड़ियों में तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टाटीबंध स्थित एक मकान में चल रही प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाते हुए हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोगों ने जमकर हंगामा किया। धर्म परिवर्तन कराने के आरोप में प्रदर्शनकारियों ने वाहनों में तोड़फोड़ की। जब बवाल चल रहा था, इस दौरान होली में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एसएसपी डॉ. लाल उम्मेद सिंह पुलिस अफसरों की बैठक ले रहे थे। इसी दौरान पुलिस को हंगामा होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस अफसर आनन-फानन में घटना स्थल पहुंचकर स्थिति संभालने में जुट गई। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है।

टाटीबंद स्थित एक कालोनी के मकान में सैकड़ों की संख्या में लोगों के प्रर्थना सभा में एकत्रित होने की जानकारी हिंदू संगठन से जुड़े लोगों को मिली। इसके बाद बजरंग दल सहित अन्य हिंदूवादी संगठन से जुड़े लोग प्रार्थना सभा का विरोध करते हुए मौके पर पहुंचे। हिंदुओं का जबरन धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों के साथ हिंदू संगठनों के साथ बहस होने लगी।

**चल रही थी क्राइम मीटिंग दौड़े-भागे घटना स्थल पहुंचे अफसर, संभाले हालात**







### हंगामे के बीच तोड़फोड़

धर्मांतरण को लेकर हंगामा के दौरान कुछ लोगों ने पथराव करने के साथ तोड़फोड़ करने लगे। तोड़फोड़ से मकान तथा गाड़ियों में नुकसान होने के साथ पथराव की घटना में कुछ लोगों को चोटें आई है। इसी दौरान पुलिस की टीम मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने में जुट गई।

### विवाद होने की एक वजह यह भी

विवाद की दूसरी वजह भी सामने आई है। सूत्रों के अनुसार प्रार्थना सभा के पास एक खाली प्लाट है। उसमें कुछ लोग चर्च निर्माण की बात कहे रहे थे। खबर है कि इससे भी विवाद ने उग्र रूप ले लिया। इस विवाद के चलते भी दोनों पक्षों के बीच हंगामा होने की बात सामने आई है। पुलिस इस मामले में जांच करने के बाद कुछ कह पाने की बात कह रही है।

### पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग

हंगामे की सूचना मिलते ही मौके पर आमानाका पुलिस भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गई। पुलिस ने बीच बचाव कर हंगामा को जैसे-तैसे कर शांत कराया। हंगामे के दौरान घर के भीतर तथा बाहर जमकर तोड़फोड़ की गई। इस मामले में बजरंग दल ने धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

**रविवार बना पुलिस के लिए चुनौती :** प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन कराए जाने के लेकर पूर्व में भी मोवा, विधानसभा सहित कई अन्य थाना क्षेत्रों में प्रदर्शन की घटाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर घटनाएं रविवार को हुई है। ऐसे में प्रार्थना सभा की आड़ में धर्म परिवर्तन के आरोप में प्रदर्शन रोकना पुलिस के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो रही है।

## समोसे की कीमत रोजाना बदलने से परेशान हुआ रविवि बैठक में तय की अंतिम कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समोसे की रोजाना बदलती कीमतों से परेशान रविवि ने अंततः इसकी कीमतें स्थिर करने का निर्णय ले लिया है। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा कार्यपरिषद की बैठक में परीक्षा व निर्माण कार्य सहित जिन आवश्यक विषयों पर चर्चा की गई उसमें समोसे सहित अन्य पकवानों की बदलती कीमतें भी शामिल रहीं। दरअसर, रविवि परिसर में कुछ माह पूर्व ही कैंटिन दोबारा प्रारंभ किया गया है। यहां परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की कीमतें रोजाना बदल रही थीं। इसे लेकर छात्रों द्वारा भी शिकायत की गई थी। प्रतिदिन नए रेट लिस्ट से विवि प्रबंधन ▶▶|शेष पेज 13 पर

- कमाई नहीं होने के कारण इंडियन कॉफी हाऊस ने छोड़ दिया था कैंटिन

### पांच सालों बाद खुला कैंटिन

कॉफी हाऊस द्वारा कैंटिन छोड़े जाने के बाद से ही रविवि परिसर में छात्रों के लिए खान-पान की कोई व्यवस्था नहीं थी। कोरोना काल से बंद पड़ा कैंटिन लगभग पांच वर्ष बाद कुछ माह पूर्व ही खोला गया है। रविवि द्वारा इसके लिए कई बार टेंडर बुलाया गया था। छात्रों को परिसर में खान-पान की सुविधा नहीं मिलने का मुद्दा हरिभूमि ने प्रमुखता के साथ निरंतर उठाया था।

### कम किया था रविवि ने किराया

रविवि कैंपस में स्थित कैंटिन का संचालन पूर्व इंडियन कॉफी हाऊस द्वारा किया जाता था। रविवि में होनी वाली बैठकों में भी इंडियन कॉफी हाऊस ही नास्ते और भोजन की व्यवस्था करता था। आईसीएस की अन्य ब्रांच में जो कीमतें लागू हैं, वो ही यहां भी लागू थी। इसलिए गुणवत्ता और कीमत को लेकर कभी शिकायत सामने नहीं आई। कॉफी हाऊस ने कैंपस में कमाई नहीं होने की बात कहते हुए रविवि में अर्जी लगाई थी। उस वक्त रविवि ने कॉफी हाऊस का किराया कम किया था। एनआईटी के समीप मुख्य रोड में जगह मिलने के बाद इंडियन कॉफी हाऊस ने अपना कैंटिन वहां शिफ्ट कर दिया।

## महिला आरपीएफ को आत्मनिर्भर बनाने अब मिलेगा मिर्च स्प्रे आत्मरक्षा की विशेष ट्रेनिंग भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महिला यात्रियों की सुरक्षा को और प्रभावी बनाने के लिए भारतीय रेलवे ने एक अहम कदम उठाया है। रेलवे सुरक्षा बल की महिला कर्मियों को अब मिर्च स्प्रे कैन से लैस किया जाएगा, जिससे वे आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक सशक्त और प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकेंगी। यह निर्णय विशेष रूप से महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और महिला आरपीएफ कर्मियों को ▶▶|शेष पेज 13 पर

- महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने रेलवे ने उठाया कदम

### मंडल में 40 से अधिक महिला आरपीएफ कर्मी तैनात

रायपुर रेलमंडल में 40 से अधिक महिला जवान कार्यरत हैं। इन महिला कर्मियों को न केवल मिर्च स्प्रे कैन से लैस किया जाएगा, बल्कि उन्हें आत्मरक्षा और संकट प्रबंधन की विशेष ट्रेनिंग भी दी जाएगी, जिससे वे किसी भी अप्रत्याशित स्थिति में प्रभावी ढंग से कार्रवाई कर सकें।

एटीएस रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रहा

## रायपुर के बांग्लादेशी शातिरों का पाक, इराक कनेक्शन, आधा दर्जन देशों में हो रही थी बात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पिछले महीने मुंबई एयरपोर्ट से इराक भागने की फिराक में पकड़े गए तीन बांग्लादेशी नागरिक जो आपस में सगे भाई हैं। उनके आधा दर्जन देश में एटीएस को बातचीत करने का ब्योरा मिला है। अलग-अलग देशों में बातचीत का ब्योरा मिलने के बाद एटीएस की टीम अलर्ट हो गई है। एटीएस ने मोहम्मद इस्माइल, शेख अकबर और शेख साजन से पूछताछ करने दो दिनों की कोर्ट से रिमांड हासिल की है। बांग्लादेशी नागरिकों के सीरिया, इराक, वियतनाम, इजराइल सउदी अरब तथा पाकिस्तानी नंबरों से बातचीत करने की जानकारी मिली है। इन देशों में बांग्लादेशी नागरिकों ▶▶|शेष पेज 13 पर



रायपुर में रह रहे थे तीन बांग्लादेशी, फर्जी पहचान पत्र से इराक भागने की कोशिश, मुंबई में धरे गए

### पैसों के स्त्रोत के बारे में जानकारी जुटा रही टीम

गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक रायपुर में लंबे अरसे से किराए के मकान में रहकर कचरा बीनने से लेकर कबाड़ का काम कर रहे थे। इससे उनको विशेष आय की प्राप्ति नहीं होती थी। ऐसे में उनको किन लोगों के माध्यम से आर्थिक मदद मिलती थी, एटीएस की टीम इस बात की भी जानकारी जुटाने की कोशिश करने की बात कह रही है।

### अरब को छोड़ शेष अन्य देश हिंसा प्रभावित

साउदी अरब को छोड़ सिरिया, वियतनाम, इराक, इजराइल हिंसा प्रभावित देश हैं। इसके साथ ही पाकिस्तान में आतंकवाद चरम पर है। ऐसे में बांग्लादेशी नागरिकों के इन देशों में संपर्क करने को लेकर कई तरह के संदेह हो रहा है। एटीएस को आशंका ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दस्तावेज रद्द कराने की तैयारी

बांग्लादेशी नागरिकों ने फर्जी दस्तावेज के माध्यम से वोटर आईडी से लेकर आधार, पेन कार्ड तथा पासपोर्ट बनवाए थे। इन सभी दस्तावेजों को रद्द कराने एटीएस ने चुनाव आयोग के साथ जिला प्रशासन, नगर निगम तथा पासपोर्ट कार्यालय को पत्र लिखा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## मेडिकल पीजी की 98 में से 30 सीटें अलॉट, एनआरआई की 8 स्ट्रे राउंड में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मॉपअप राउंड के बाद तीन निजी मेडिकल कॉलेजों में खाली बची एनआरआई कोटे की आठ सीटों को स्ट्रे राउंड में शामिल कर लिया है। निजी कॉलेज प्रबंधन इन सीटों पर पांच परसेंटाइल का लाभ देते हुए स्पेशल स्ट्रे राउंड में शामिल करने की मांग कर रहे थे। 98 में से 30 सीटों का आवंटन रविवार को कर दिया गया। सोमवार 10 से 12 मार्च तक स्क्रूटनी तथा एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर इन सर्विस पीजी छात्रों की छंटाई करने के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने च्वाइस फीलिंग की प्रक्रिया पूरी ▶▶|शेष पेज 13 पर

- आज से स्क्रूटनी, एडमिशन 12 मार्च तक



### क्लीनिकल की 69 सीटें

मॉपअप राउंड के बाद शासकीय और निजी कॉलेजों में खाली बची 69 सीटें क्लीनिकल से संबंधित हैं। सूत्रों का कहना है कि निजी कॉलेजों की क्लीनिकल से संबधित ज्यादातर सीटें उठ चुकी हैं, मगर निजी कॉलेजों में इनकी संख्या काफी अधिक है। नॉन क्लीनिकल विषयों की कुल 29 सीटें रिक्त थीं, जिनमें 11 का आवंटन किया गया और ज्यादातर सीटें शासकीय कॉलेजों से संबंधित हैं। बाकी बची सीटों पर एडमिशन के लिए स्पेशल स्ट्रे राउंड की प्रक्रिया होली के बाद शुरू होने की संभावना है।

### दो बार बदली गई मेरिट लिस्ट

विवादों में घिरने की वजह से इस बार चिकित्सा महाविद्यालयों से संबंधित पीजी सीटों पर एडमिशन के लिए काउंसिलिंग लगभग छह माह तक चली है। पहले और मॉपअप राउंड के बाद सीजी की नीट मेरिट लिस्ट में बदलाव करना पड़ा था। दोनों बार विवाद की वजह इन सर्विस कोटे से मिले बोनस अंक के आधार पर लोकप्रिय सीटें हासिल करना था। इसके अलावा एडमिशन पर आपत्ति के अनेक मामले चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों तक पहुंचते रहे।

आरंग थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की घटना, रेप का वीडियो बनाकर पांच लाख मांगे

# महिला को बंधक बनाकर रेप-लूट, किया ब्लैकमेल प्रायश्चित करने पुरी भागा, लौटते ही धरा गया 'लंकेश'

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आरंग थाना क्षेत्र पेशे से शिक्षिका को बंधक बनाकर रेप, लूट तथा ब्लैकमेल करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। महिला के साथ रेप करने के बाद बदमाश प्रायश्चित करने जगन्नाथपुरी चला गया था। युवक जगन्नाथपुरी से लौटा, उसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपराध स्वीकार कर लिया।



**घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश प्रायश्चित करने जगन्नाथपुरी भाग गया था**

### किया ब्लैकमेल

महिला ने पुलिस को बताया कि लंकेश ने उसके साथ रेप किया। उसने अपने मोबाइल से वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देकर पांच लाख रुपए की मांग की। साथ ही लंकेश ने आलमारी खोलकर उसमें रखी सोने की चेन, नकदी रकम लूट ली और मौके से फरार हो गया।

### घटना के बाद भागा जगन्नाथपुरी

महिला के साथ रेप करने, चेन तथा नकदी लूटने के बाद लंकेश अपने पापों की प्रायश्चित करने जगन्नाथपुरी भाग गया। घटना की जांच करने पहुंची पुलिस ने गांव के लापता लोगों के बारे में जानकारी जुटाई तो पुलिस को लंकेश के गायब होने की जानकारी मिली। पुलिस लंकेश के बारे में पतासाजी कर रही थी। इसी दौरान वह जगन्नाथपुरी से वापस लौटा। इसके बाद पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया।

महिला के साथ रेप के आरोप में पुलिस ने लंकेश कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। लंकेश के खिलाफ महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। शिक्षिका ने पुलिस को बताया कि एक सप्ताह पूर्व 2 मार्च को रात साढ़े आठ बजे के करीब एक लड़का चेहरे पर नकाब बांधकर घर के अंदर जबरन प्रवेश किया और महिला को लाइटर गन से गोली मारने की धमकी देकर उसके हाथ पैर पलंग में रस्सी से बांधकर रेप किया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें
9827555678, 8224868411

खबर संक्षेप

## मांढर पंचायत के मनीष उपसरपंच निर्वाचित



सिलयारी। धरसींवा जनपद के बड़े गांव में शामिल ग्राम पंचायत मांढर में शनिवार को गहमागहमी के मध्य उप सरपंच का निर्वाचन सम्पन्न हुआ। जिसमें मनीष धीवर को निविरोध उपसरपंच चुना गया। ग्राम पंचायत में 20 वार्ड हैं जिसमें सर्व समिति से मनीष धीवर को उपसरपंच बनाने सभी पंचों ने एक राय होकर सहमति जाहिर की। इसके पश्चात चुनाव पीठासीन अधिकारी के द्वारा प्रमाण पत्र देकर मनीष को उपसरपंच घोषित किया गया। इस अवसर पर सरपंच कुमारी आडिल, पंच अनिल जायसवाल तारा साहू मालती जायसवाल पुष्पा अहार प्रशांत देवांगन निकीता साहू सीमा धीवर रोशन लाल चौहान नम्रता पसारी घनश्याम देवांगन विरेन्द्र धिवडोंडे बीमला ध्रुव जयराम गुप्ता सहित ग्राम पंचायत के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

## समोदा में नवनिर्वाचित अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण आज

आरंग। नगर पंचायत समोदा आम निर्वाचन 2025 में निर्वाचित अध्यक्ष छोटेलाल सोनकर व पार्शदों का शपथ ग्रहण समारोह प्रतिक्षा बस स्टैण्ड प्रांगण समोदा में 10 मार्च को सुबह 11 बजे रखा गया है। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब विधायक आरंग, अध्यक्षता श्याम कुमार नारंग जिलाध्यक्ष भाजपा रायपुर ग्रामीण, विशिष्ट अतिथि गुलाब सिंह टिकरिहा चुनाव प्रभारी एवं परिवेक्षक नगर पंचायत समोदा, संजय ढीढी पूर्व विधायक, अ"वनी शर्मा पूर्व मण्डल अध्यक्ष, राजेन्द्र वर्मा जिला मंत्री, हरीलाल सोनकर पूर्व सरपंच कुसमुंद, गजेन्द्र वर्मा महामंत्री समोदा मण्डल उपस्थित रहेंगे।

## कार ने बाइक को ठोंका, पति घायल, पत्नी गंभीर

अभनपुर। कल्पतरू पांवर प्लांट मेन रोड खोरपा के समीप लगभग सुबह 7.30 बजे एक तेज रफ्तार कार ने बाईक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे बाइक मे सवार दंपत्ति घायल हो गये। मिली जानकारी अनुसार कलीराम धीवर अपनी पत्नी दीविका धीवर और डेढ़ साल की बेटी सुमन धीवर के साथ अपने रिश्तेदार के गांव कोलर से गृहग्राम सिपकोना लौट रहे थे इसी दौरान रायपुर की ओर से आ रही क्विड कार क्रंमाक सीजी 19 बीएल 7805 ने उनकी मोटरसायकिल क्रंमाक सीजी 04 सीएच 4379 को पीछे से टक्कर मार दी।

### निधन

## सुरेन्द्र यादव



आरंग। छोटे नकटी तालाब आरंग निवासी सुरेन्द्र यादव का शनिवार को निधन हो गया। वे 51 वर्ष के थे। उनके अंतिम संस्कार में परिजन एवं नगरवासी शामिल हुए। वे उषा यादव के पति व राहुल यादव के पिता थे।

शपथ : अध्यक्ष एवं पार्षदों ने ली शपथ, पहुंचे उपमुख्यमंत्री अरुण साव

# नपा अध्यक्ष व पार्षदों ने आरंग को स्वच्छ बनाने संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग



रविवार को नगर पालिका परिषद आरंग के तत्वाधान में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम बस स्टैण्ड आरंग में गरिमा के साथ संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री एवं नगरीय विकास मंत्री छत्तीसगढ़ शासन अरुण साव तथा अध्यक्षता उपाध्यक्ष अनुसूचित जाति विभाग प्राधिकरण एवं क्षेत्रीय विधायक गुरु खुशवंत साहेब की उपस्थिति रही तथा अतिथियों ने अध्यक्ष डॉ संदीप जैन सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को बधाई एवं आरंग को स्वच्छ स्वस्थ एवं सुंदर बनाने का संदेश दिया। वही अनुपमा आनंद (आईएएस) नगरीय प्रशासक ने अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन एवं 17 पार्षदगणों को शपथ करवाई। कुछ ने शपथ संस्कृत एवं छत्तीसगढ़ी में ली तो कुछ हिंदी में। कार्यक्रम में कुशल निर्देशन संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा, तहसीलदार सीता शुक्ला, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत आरंग कुमार सिंह लहरे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा आदि का रहा। आभार प्रदर्शन मुख्य नगर पालिका अधिकारी आरंग शीतल चंद्रवंशी ने किया तथा मंच संचालन शिक्षक अरविंद वैष्णव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण भाजपा श्याम नारंग, पूर्व सांसद चंदूलाल साहू, अंजय शुक्ला, नवनिर्वाचित अध्यक्ष नगर पंचायत समोदा छोटेलाल सोनकर, नेहरू निषाद, पूर्व विधायक संजय ढीढी, जनपद अध्यक्ष आरंग ताकेश्वरी मुरली साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष आरंग देवनाथ साहू, सहित अनेक स्थानीय एवं क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिकगण, वरिष्ठगण, माताओं–बहनों एवं युवाओं की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## तिल्दा नेवरा पालिका के शपथ कार्यक्रम में अव्यवस्था, मंत्री एवं विधायक हुए शामिल



तिल्दा नेवरा। शनिवार को देर शाम तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद में शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें भारी अव्यवस्था का आलम देखने को मिला, कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मंत्री टंक राम वर्मा, धरसीवां विधायक अनुज शर्मा, पर्यवेक्षक संतोष उपाध्याय आदि उपस्थित हुए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। फिर सर्वप्रथम अध्यक्ष का शपथ ग्रहण कराया गया फिर पार्षदों को शपथ दिलाई गई। उक्त शपथ ग्रहण कार्यक्रम का सभी कांग्रेसी पार्षदों ने विरोध कर कार्यक्रम का बहिष्कार कर दिया। उनका कहना था कि 5 बजे का समय दिया गया है और 6 बजे रहा है, कांग्रेसियों ने अध्यक्ष प्रत्याशी लक्ष्मीनारायण वर्मा एवं नेता प्रतिपक्ष विजय सोनू मारखंडे के नेतृत्व में एसडीएम से बात कर उनसे कहा कि सीएमओ कार्यालय में कांग्रेसी पार्षदों को पहले शपथ दिला दी जाए फिर कार्यक्रम होता रहे, भारी किचकिच के बाद एसडीएम ने ऐसा करने से मना कर दिया , जिसके बाद सभी कांग्रेसी पार्षद व कांग्रेसी वहां से चले गए।

### फ्लैक्स में किसी भी भाजपा पार्षदों का फोटो नहीं

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के लिए कार्यक्रम स्थल पर बड़े बड़े फ्लैक्स लगवाए थे जिसमें पालिका अध्यक्ष का फोटो तो लगाया गया लेकिन भाजपा के 12 पार्षदों में किसी भी पार्षद का फोटो नहीं लगाया गया जो काफी चर्चा का विषय रहा।

## बहनाकाड़ी डामर प्लांट की आग पर मशक्कत से पाया काबू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

मंदिर हसौद थाने के अंतर्गत स्थित ग्राम बहना काडी में प्रा पैनल डामर प्लांट प्राइवेट लिमिटेड में शनिवार को सुबह 11 बजे के आसपास कंपनी में आग लगने से लाखों के समान जलकर खाकर जहां आग लगने के बाद घंटो धू धू कर जलता रहा। धुंआ आसमान में फैलने के बाद क्षेत्र में हल्ला मच गया उसके बाद जिसकी सूचना फायर ब्रिगेड के टीम को दिया गया जहां 3 फायर ब्रिगेड गाड़ी अपने टीम के साथ पहुंचे जहां बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। वहीं कंपनी सेफ्टी पर नियम का कोई व्यवस्था दिखाई नहीं पड़ा जहां कंपनी पर सैकड़ों मजदूर काम करते हैं। जहां बड़ी घटना होने से बार-बार बचे। वहीं आग लगने का कारण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कंपनी के कर्मचारियों- अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश किया गया लेकिन किसी के द्वारा संतुष्ट जनक जानकारी नहीं दिया गया।

घटना स्थल पर पहुंचे जनपद सदस्य प्रतिनिधि नरेंद्र कुर्रे ने कंपनी की प्रबंधन पर आरोप लगाया की कंपनी प्रबंधन द्वारा कंपनी में जहां कंपनी में सौ से अधिक कर्मचारी काम करते हैं। वहां सुरक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। जहां भविष्य में बड़ी घटना हो सकता है जिसे ध्यान में रखते हुए प्रशासन संज्ञान में लेते हुए सेफ्टी सुरक्षा नियम का पालन करने के लिए आदेशित करें। मंदिर हसौद थाना प्रभारी से बात करने पर बताया कि आग जनी की थाने में कोई जानकारी नहीं होना बताया।

# फोर्स के सिविक एक्शन प्रोग्राम में ग्रामीणों को बांटी गई घरेलू सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



सीआरपीएफ 211 बटालियन, शोभा कैम्प द्वारा नक्सल विरोधी अभियान के साथ-साथ समाज सेवा एवं जनकल्याण के तहत सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामीणों को आवश्यक सामग्री वितरित की गई और निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमांडेंट विजय प्रताप, द्वितीय कमान अधिकारी रंजन कुमार बहाली, सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार, संतोष कुमार, चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवीनेनी तपस्वनी, और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अलावा, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सरपंचगण, शिक्षकों, ग्रामीणों और पूर्व नक्सली नंदलाल के परिवारजनों ने भी इस आयोजन में भाग लिया।ग्राम वुधबेड़ा एवं गोना के ग्रामीणों को साइकिल, टेलीविजन, कंबल, सोलर लालटेन, पानी टंकी (सिंटेक्स), साड़ी, लुंगी, गमछा, खेलकूद सामग्री (फुटबॉल, वॉलीबॉल, नेट), बर्तन, स्टील प्लेट-ग्लास, चप्पल, स्कूल बैग, स्कूल ड्रेस और स्टेशनरी सामान वितरित किए गए,सीआरपीएफ 211 बटालियन की चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवीनेनी तपस्वनी द्वारा लगभग 210 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और निःशुल्क दवाइयों का वितरण किया गया। इस अवसर पर कमांडेंट विजय प्रताप ने कहा कि सीआरपीएफ न केवल नक्सल विरोधी अभियान चला रही है, बल्कि इस क्षेत्र के लोगों को मुख्यधारा से जोडऩे के लिए जन-कल्याणकारी कार्यक्रम भी आयोजित कर रही है। इस तरह के कार्यक्रम ग्रामीणों के जीवन स्तर को सुधारने और समाज में एकता व सहयोग की भावना विकसित करने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने सीआरपीएफ 211 बटालियन के इस प्रयास की सराहना की और जवानों को धन्यवाद दिया। लोगों ने इस पहल को नक्सल प्रभावित क्षेत्र में शांति और विकास की दिशा में एक सकारात्मक कदम बताया।

## बैहार में महिला दिवस मनाया



आरंग। ग्राम बैहार के पंचायत भवन में राजनैतिक, सामाजिक, धार्मिक शैक्षणिक स्वच्छता के क्षेत्रें में उत्कृष्ट योगदान प्रदान कर देश प्रदेश में बैहार का एक अलग पहचान दिलाने वाली महिलाओं के मस्तक में गुलाल लगाकर एवं श्रीफल भेंटकर अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस हर्षोल्लास से मनाना गया।

## मातृशक्ति का पुष्प वर्षा व वंदन करके किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

राजधानी रायपुर के पास स्थित नगर पालिका मंदिर हसौद कुरुद में


- कुरुद में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ प्रदेश की अध्यक्ष दीदी शालिनी राजपूत के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा के द्वारा 9 मार्च को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर सम्मान समारोह का आयोजन वार्ड क्रमांक 3 कुरुद मंदीर हसौद कश्यप पैलेस के पास साई पब्लिक स्कूल चंदखुरी रोड में आयोजित किया गया है जहां अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गोपाल वर्मा मंदिर हसौद मंडल अध्यक्ष रामजी वर्मा जोन प्रभारी बल्ला यादव भाजपा नेता रश्मि वर्मा दी रायपुर ग्रामीण महिला मोर्चा उपाध्यक्ष जागृति बंजारे महिला मोर्चा महामंत्री आरती यादव यशोदा धीवर मुकेश अशोक वर्मा अविनाश अग्रवाल विनोद कुमार साहू रायपुर ग्रामीण युवा मोर्चा जिला कार्यालय मंत्री मंजू ललित कश्यप पदमा दी कमलेश्वरी निर्मलकर। ओंकार पटेल जीतू निर्मलकार शालिनी राजपूत ममता साहू श्याम नारंग जी संदीप जोशी बलवंत यादव ललित कश्यप अर्जुन सिन्हा अशवंत यादव और समस्त महिला मोर्चा और भारतीय जनता के कार्यकर्ता की उपस्थित रहे जहां सर्वप्रथम भारत माता की छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया . वही कार्यक्रम में शामिल हुए सभी मातृशक्ति का पुष्प वर्षा कर चंदन बंदन से टिका लगाकर स्वागत किया. वही कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों ने गीत कविता के माध्यम महिला नारी शक्ति के बारे में बताया की महिला मां बहन पत्नी और साथी के रूप में अपना संपूर्ण जीवन परिवार समाज और देश को संवारने में बिता देती है. जो बदले में मात्र प्रेम और सम्मान चाहती हैं।

## व्यवहार न्यायालय में 341 प्रकरण का तत्काल निराकरण किया गया



तिल्दा नेवरा। तिल्दा नेवरा के व्यवहार न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ। जिसमें 617 प्रकरण आए थे जिनमें 341 का तत्काल निराकरण किया गया। व्यवहार न्यायालय के न्यायधीश भावेश कुमार वट्टी की अध्यक्षता में प्रकरणों का निराकरण किया गया।



# दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने खेल में बढ़-चढ़कर भाग लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का राज्य स्तरीय क्रीड़ा, साहित्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बिलासपुर में किया गया। जिसमें रायपुर जिले के दिव्यांग छात्र-छात्रओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 पुरस्कार प्राप्त किए। छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों से विशेष आवश्यकता वाले 660 बच्चों की सहभागिता रही। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायपुर जिले के चारों विकासखण्ड से 19 दिव्यांग बच्चों ने दौड, गोला फेक, रंगोली, सुलेख, कुर्सी दौड़, बुच्ची, नृत्य एवं गायन इत्यादि विभिन्न प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपने क्षमताओं का भरपुर प्रदर्शन कर 3 बच्चों ने प्रथम स्थान, 3 द्वितीय स्थान एवं 2 बच्चों ने तृतीय स्थान प्राप्त किये। रायपुर जिले में विकासखण्ड के खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में हुनर रखने वाले बच्चों को राज्य स्तर पर खेलने हेतु विशेष टीम गठित किया गया था, जिसमें जिला प्रभारी माया वर्मा एपीसी, सुविधा सिह बीआरपी तिल्दा, माधुरी गोस्वामी बीआरपी अभनपुर, लोकेश साहू स्पेशल एजुकेटर आरंग, प्रवीण छत्रवाणी स्पेशल एजुकेटर धरसींवा, यशवंत पटेल स्पेशल एजुकेटर अभनपुर, डिलेश्वरी यादव स्पेशल एजुकेटर तिल्दा, देवनारायण सिन्हा अटेंडर टीम सदस्य रहे। जिले के दिव्यांग बच्चों शानदार प्रदर्शन पर प्रशन्नता व्यक्त करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. विजय खंडेलवाल, जिला मिशन समन्वयक केएस पटले व आरंग, अभनपुर, तिल्दा, धरसीवा के विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक ने सभी बच्चों व पुरी टीम को बधाई दी।




## चकल्लस

### नए-नवेलों को उम्मीद ...



होली त्योहार में नए-नवेले मेंबर फड़फड़ा रहे थे, मैडम आखिर कब उन पर मेहरबान होंगी। कुछ नहीं तो एमआईसी में रख लेते, जोन में भी स्पेस मिल जाए तो मजा आ जाए। एक ने कहा, यहां इलेक्शन जीतकर वंदन-अभिनंदन कराने तो नहीं आए हैं। दूसरे ने गहरी सांस लेते हुए कहा, अर्जी लगाने गया था, पता चला, वहां तो लंबी लाइन लगी है। कोई कह रहा था, मैडम के हाथ में भी कुछ नहीं है, रिमोट कहीं और से ऑपरेट हो रहा है। सो होली की ठंडाई भूल जाओ, बस एक बात याद रखो, वेट एंड वॉच।

### प्रशिक्षु आईपीएस के तेवर

आप गौर कीजिए...यह जो नए-नए आईपीएस आते हैं वे फील्ड वे एंग्री यंग मैन बन जाते हैं। मतलब किसी को ठोक दिया, पीट दिया और धर लिया। यह अलग बात है कि यह गर्मी केवल मातहत और आम आदमी पर ही निकलती है। मंत्रियों और सीनियर के सामने घिग्घी बंध जाती है। खबरी बता रहा था कि रायपुर में एक प्रशिक्षु आईपीएस वैसे ही तेवर में है। थाने में कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। नए प्रशिक्षु आईपीएस साहब ने आरक्षक को कोई टास्क दिया था। टास्क पूरा नहीं होने पर साहब को अपने मातहत पर इतना गुस्सा आया कि मातहत से बदतमीजी और धक्का मुक्की कर बैठा। आरक्षक को गुस्सा बहुत आया लेकिन वरिष्ठों के समझाने पर शिकायत नहीं की है। लेकिन इससे बाकी आरक्षकों में आक्रोश है।

### इज्जत का सवाल है...



छत्तीसगढ़ में कांग्रेस पार्टी की हार की हैट्रिक लगी है। विधानसभा से लेकर लोकसभा और निगमों से लेकर पंचायतों तक पार्टी के हिस्से में ज्यादातर हार ही आई है। पार्टी चुनावी हार को लेकर अब तक समीक्षा कर नहीं पाई है, लेकिन हर बैठक में हार का मुद्दा हर बार उठ रहा है। पिछले दिनों हुई एक बैठक में जब इस मुद्दे पर बात हुए तो एक नेता ने निगम चुनाव टिकट बेचने का आरोप लगाया, लेकिन इससे भी बढ़कर एक नेताजी ने दर्द बयां किया कि प्रत्याशियों के पैनल बनाने में भी लेन-देन हुआ है। हालत ये थी कि कहना पड़ा, भैया पैनल में ही नाम जोड़ लो, इज्जत का सवाल है, पर इस इज्जत का ख्याल भी नहीं रखा गया।

### योजनाओं को एक-दूसरे से जोड़ दो

हमारे यहां सरकारी आवास की योजनाओं को लेकर बरसों से गहरी सियासत चल रही है। अब तो ये भी माना जाता है कि पिछली कांग्रेस सरकार आवास की राजनीति के कारण ही पस्त हो गई, लेकिन आवास की योजना में एक बड़ी गड़बड़ी अब खुलकर सामने आई है। दरअसल हुआ ये है कि पीएम आवास योजना में बनने वाले मकानों में शौचालय ही नहीं है। नेताओं की ओर से सरकार को सुझाव मिला है कि मकान में शौचालय योजना भी जोड़ दो। दिलचस्प है कि शौचालय के लिए अलग योजना है, यही नहीं, गरीबों को मुफ्त राशन देने की अलग योजना है। सुझाव ये भी आया है कि इन तीनों योजनाओं को एक साथ जोड़ दो, तीनों काम हो जाएंगे।

### बजट खत्म करने का खेल



स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी पिछले एक महीने से आम जनता से जुड़ी योजनाओं के प्रति गंभीर हो गए हैं। आम लोगों को शासकीय स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ दिलाने, उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए लगातार बड़े होटलों, सभागृह में कार्यशाला और बैठकों का आयोजन किया जा रहा है। गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने बैनर-पोस्टर और अन्य कार्यक्रमों के नाम पर बड़े खर्च किए जा रहे हैं। आयोजनों के इस दौर को देखकर विभागीय अफसरों की स्वस्थ समाज के प्रति गंभीरता को दर्शाता है, मगर वास्तविकता मार्च एंडिंग से जुड़ी है। कार्यशाला, बैठक पर खर्च विभिन्न योजनाओं के लिए शासन स्तर पर आवंटित राशि नए वित्तीय वर्ष के पहले खत्म करने का बड़ा खेल है।

### बन गए तीसमार खां...

राजकीय बजट में सबसे बड़े सरकारी अस्पताल के लिए करोड़ों की घोषणा की गई है। इस घोषणा के बाद अस्पताल प्रबंधन से जुड़े कुछ चिकित्सकों का सीना 56 इंच चौड़ा हो गया है। बरसों पुरानी मांग के लिए राशि मंजूर कराने में वे अपनी महती भूमिका के बारे में साथियों को बताने से पीछे नहीं हट रहे हैं। बजट के पहले जिन साथी डॉक्टरों के साथ बैठकर वे अस्पताल के सुधार के लिए रणनीति बनाते थे, अब उनके सामने ही खुद को तीसमार खां साबित करने से पीछे नहीं हट रहे हैं। हालांकि डॉक्टर इस बात को नहीं समझ रहे हैं कि घोषणाओं को पूरा होने में कई साल का वक्त लगता है।

### जय-जय श्री कृष्ण



भाजपा ने अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बनवा दिया है। दशकों का संघर्ष पूरा हो गया। भाजपा की सभाओं और बैठकों में जय-जय श्री राम का नारा गूंजता रहा। उसका सियासी लाभ भी भाजपा को मिला है। यूपी में मजे से सरकार चल रही है। केंद्र में भी भाजपा सत्तासीन है। ज्यादातर राज्यों में भाजपा की सरकार है। लेकिन आगे क्या? खबरी बता रहा था कि अब भाजपा की बैठकों में जय-जय श्रीराम के साथ नया नारा जुड़ गया है। श्री राम के साथ जय-जय श्रीकृष्ण का नारा लगाया जाने लगा है। बाकी आप समझदार हैं। समझ ही गए होंगे कि आगे भाजपा की रणनीति क्या होगी।

### सत्ता का जादू

ज्यादा वक्त नहीं हुआ है। छत्तीसगढ़ में तब कांग्रेस की सरकार हुआ करती थी। लोकसभा को छोड़ दें तो हर उप चुनाव, नगर निगमों और जनपद से लेकर पंचायतों तक कांग्रेस का परचम लहराया जाता रहा। खैरागढ़ से मरवाही और बस्तर तक जितने चुनाव हुए सब में कांग्रेस एकतरफा जीत हासिल करती थी। दस में से दस नगर निगमों में कांग्रेस के महापौर बन गए थे। लेकिन अब...। भाजपा की सरकार आते ही ठीक उल्टा हो गया है। कांग्रेस कहीं दिख ही नहीं रही है। हाल यह है कि मेयर के चुनाव होने के बाद कांग्रेस ने दावा करना ही छोड़ दिया। खबरी ने एक कांग्रेसी प्रवक्ता से पूछा, भाजपा ने सभी जगह अपनी जीत का दावा किया है, आपका क्या कहना है? प्रवक्ता ने कहा, अब सरकार उनकी है तो जीतेंगे वही, हम क्या करें और क्या कहें।

### मनोरंजन अपनी जगह...कायदा अपनी जगह

स्कूल-कॉलेज में बच्चों को देखा है कभी आपने आपस में झगड़ते हुए? क्लासरूम में ही एक-दूसरे के बाल नोंचने के लिए तैयार रहते हैं। लेकिन कॉलेज छात्रों के इस लड़ाई को मात देने अब मार्केट में नया प्रोडक्ट आ गया है। प्रोडक्ट का टैलेंट भी सामने आ गया है। टैलेंट भी दिखा दिया है। बीते दिनों रविवि में कार्यपरिषद की बैठक हुई। दो नंबरी साहब एक बात पर भड़क गए और राजधानी के एक प्राइवेट कॉलेज के प्राचार्य आपस से भिड़ गए। ऐसी तू-तू, मैं-मैं हुई कि बात बाहर देखने-दिखाने तक आ पहुंची। बस मारपीट होना ही रह गया था। लोगों ने समझाया कि ये सब यहां करना अच्छी बात नहीं है, फिर मनोरंजन आधा-अधूरा ही रह गया। बाहर आकर एक सदस्य का मलाल यह था कि मनोरंजन पूरा नहीं हो पाया। काश...।

### परीक्षा का दर्द



जब परीक्षाएं होती हैं तो सबसे ज्यादा परेशान कौन होता है? यदि आपका जवाब छात्र है तो आप गलत हैं। 5वीं-8वीं की परीक्षा लिए जाने संबंधित फैसले के बाद विद्यार्थियों से ज्यादा दुखी तो शिक्षक हैं। बैठे-बिठाए उनका काम बढ़ गया है। वार्षिक परीक्षा से पहले छात्रों के प्रोजेक्ट जांच रहे हैं। कक्षा में जब छात्र कहते हैं कि 5वीं-8वीं की परीक्षा बोर्ड नहीं होनी चाहिए थी तो शिक्षक हां में हां मिलाते हुए कह रहे हैं-हां बेटा! होनी तो नहीं चाहिए थी, लेकिन सब भाग्य का खेल है। दरअसल, परीक्षा के बाद शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन कार्य में लगेगी। कई शिक्षकों को अपने टूर कैंसिल करने पड़ रहे हैं। कई शिक्षक तो जिला शिक्षा कार्यालय पहुंचकर भी दुख बांट रहे हैं।

जिया कुरैशी, राजकुमार ग्वालानी, प्रदीप शर्मा, विकास शर्मा, गिरीश केशरवानी, रुचि वर्मा।

# मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए सीएस का इंटरव्यू लेंगे एसीएस

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ में मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए राज्य के मौजूदा मुख्य सचिव (सीएस) अमिताभ जैन प्रबल दावेदार के रूप में सामने आए हैं। खास बात ये है कि इस पद के लिए जब वे इंटरव्यू देंगे तो उनके सामने इंटरव्यू लेने के लिए उनके ही अधीनस्थ अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ही सामने होंगे। साथ ही नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण करने और अनुशंसा करने लिए बनाई गई कमेटी में ही सीएस के अधीन काम करने वाले तीन अधिकारियों की टीम होगी।

## सर्च कमेटी के अध्यक्ष हैं एसीएस मनोज पिंगुआ

### वर्तमान और पूर्व अफसर दावेदार

मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए 26 मार्च को न्यू सर्किट हाउस में इंटरव्यू रखा गया है। इस पद के लिए बड़ी संख्या में दावेदार हैं। खास बात ये है कि इनमें से कुछ वर्तमान और कई पूर्व अधिकारी हैं। इनमें वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पूर्व आईएएस अमृत खलको, पूर्व डीजीपी अशोक जुनेजा, पूर्व डीजीपी दुर्गेश माधव अवस्थी, पूर्व सीएस राजेंद्र प्रसाद मंडल, पूर्व आईएएस संजय कुमार अलंग, पूर्व आईपीएस संजय पिल्ले, पूर्व अधिकारी त्रिलोकचंद महावर, उमेश कुमार अग्रवाल सहित अन्य लोग शामिल हैं।



■ कई पूर्व अफसर भी मुख्य सूचना आयुक्त के दावेदार

### एसीएस की अध्यक्षता में हुई बैठक

*छत्तीसगढ़ में राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए सर्च कमेटी की एक बैठक पिछले दिनों हुई। राज्य मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए मिले आवेदनों के संबंध में मापदंड तय कर परीक्षण कर अनुशंसा दिए जाने के लिए एक सर्च कमेटी का गठन किया गया है। इस कमेटी में एसीएस मनोज कुमार पिंगुआ अध्यक्ष, निहारिका बारिक, सोनमणि बोरा एवं अविनाश चंपावत शामिल हैं।*

### दो पदों पर होनी है नियुक्ति

राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं राज्य सूचना आयुक्त के खाली दो पदों पर नियुक्तियां होनी हैं। इन दोनों पदों के लिए कुल 209 आवेदन 155 आवेदकों की ओर से दिए गए हैं। इनमें से 114 आवेदकों ने मुख्य सूचना आयुक्त पद के लिए आवेदन किया है। सर्च कमेटी ने सभी आवेदनों की प्रारंभिक स्क्रूटनी की है। आवेदनों की संख्या अधिक होने के कारण समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि आवेदक के आवेदन पत्र और दस्तावेजों में लिखे अनुसार जो विधि, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, समाजसेवा, प्रबंध, पत्रकारिता या जनसंपर्क, प्रशासन और शासन में 30 वर्षों या उससे अधिक का अनुभव रखते हैं, साथ ही आयु 65 साल से कम है, केवल उन्हीं आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।

## बीते साल बिके प्रदेश में सात लाख वाहन

# वाहन बिक्री ने पकड़ी ऐसी रफ्तार कि ट्रैफिक का हो रहा हाल-बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

**हरिभूमि सरोकार**

छत्तीसगढ़ में लगातार वाहन बिक्री में साल दर साल इजाफा हो रहा है। बीते साल करीब सात लाख वाहन बिके हैं, जो एक रिकॉर्ड है। इसके पहले कभी भी एक साल में इतने वाहन नहीं बिके। वाहन बिक्री की ग्रोथ में छत्तीसगढ़ देश में नंबर वन भी रहा है। छत्तीसगढ़ में पांच साल में साढ़े 26 लाख वाहन बिके हैं। सालभर में वाहनों की जितनी बिक्री होती है, उसमें से करीब 40 फीसदी वाहन राजधानी रायपुर में बिकते हैं। यही कारण है कि राजधानी रायपुर में ट्रैफिक का लगातार बुरा हाल हो रहा है। इसे ठीक करने के लिए लगातार प्रयोग भी हो रहे हैं, लेकिन सफलता नहीं मिल पा रही है।

छत्तीसगढ़ ने बीते साल वाहन बिक्री के मामले में इतिहास रच दिया। अपने राज्य ने बिक्री की ऐसी रफ्तार पकड़ी है कि जनवरी से नवंबर तक देश में सबसे ज्यादा 18.57 फीसदी की ग्रोथ के साथ छत्तीसगढ़ नंबर वन हो गया है। इसके बाद दिसंबर में जरूर वाहन कुछ कम बिके, लेकिन साल के 12 माह में सितंबर और दिसंबर को छोड़कर बाकी दस माह वाहनों की जमकर बिक्री हुई है।

## हर साल करीब पांच लाख वाहनों की बिक्री



### ऐसे बढ़ता गया ग्रॉफ

*प्रदेश में पांच साल से बिक्री का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। जहां 2020 में सालभर में 481797 वाहन बिके, वहीं 2021 में यह आंकड़ा कम होकर 455859 तक पहुंच गया। यह कोरोनाकाल का साल था, इसलिए वाहनों की बिक्री कुछ कम हुई। इसके बाद 2022 में पहली बार आंकड़ा पांच लाख के पार गया और इस साल 501194 वाहन बिके। 2023 में यह रिकॉर्ड भी टूट गया और इस साल 564443 वाहन बिके। पहली बार बीते साल 2024 में करीब सात लाख वाहन बिके हैं।*

### राजधानी में ही ट्रैफिक का बुरा हाल

लगातार बढ़ते वाहनों के दबाव के कारण राजधानी रायपुर में ट्रैफिक का बुरा हाल हो गया है। लगातार प्रयोग के बाद भी स्थिति ठीक नहीं हो रही है। शास्त्री चौक में आटो पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। राजधानी में ही 20 हजार से ज्यादा आटो चलते हैं। इसी के साथ अन्य चारपहिया और दुपहिया वाहनों का भी भारी दबाव है। एक अनुमान के मुताबिक, रायपुर में ही हर साल करीब दो लाख वाहन बढ़ जाते हैं। रायपुर जैसी स्थिति दुर्ग, भिलाई, बिलासपुर और बड़े शहरों की है।

### नवंबर ने रचा इतिहास

*बीते साल अक्टूबर का माह आटोमोबाइल सेक्टर के लिए सबसे ज्यादा अच्छा रहा। इस एक ही माह में नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र और धनतेरस होने के कारण सबसे ज्यादा वाहन बिके। 2023 में दीपावली नवंबर में होने के कारण अक्टूबर में कम वाहन बिके थे और नवंबर में ज्यादा वाहन बिके थे। 2023 में अक्टूबर में 52070 वाहन बिके थे, जबकि बीते साल 84839 वाहन बिके। अक्टूबर का रिकॉर्ड नवंबर में टूट गया। इस माह रिकॉर्ड एक लाख आठ हजार वाहन बिके। इसमें सबसे ज्यादा 86552 बाइक बिकी है। इसके बाद 3626 ट्रैक्टर बिके हैं। कारों की बिक्री तीसरे नंबर पर रही। कारें 3503 बिकी हैं। बिक्री के मामले में राजधानी रायपुर हमेशा की तरह पहले नंबर पर है। यहां पर सबसे ज्यादा 15196 वाहन बिके हैं। दिसंबर ने जरूर निराश किया। इस माह सितंबर की तरह ही कम वाहन बिके।*

### सीएम ने किया महतारी वंदन कॉमिक्स का विमोचन

**रायपुर।** महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को समर्पित महतारी वंदन योजना पर सीएम विष्णुदेव साय ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित समारोह में 'महतारी वंदन कॉमिक्स' का विमोचन किया। यह कॉमिक्स महतारी वंदन योजना की उपलब्धियों और इसके प्रभाव को रोचक अंदाज में प्रस्तुत करती है।

### प्रेस क्लब में महिला पत्रकार कक्ष निर्माण का भूमिपूजन



**रायपुर।** रायपुर प्रेस क्लब में विधायक निधि से महिला पत्रकार कक्ष निर्माण के लिए रविवार को भूमिपूजन किया गया। प्रेस क्लब में पहली बार महिला पत्रकार साथियों के लिए अलग से कक्ष का निर्माण किया जा रहा है। जल्द ही उन्हें सुव्यवस्थित और सर्वसुविधायुक्त कक्ष मिल जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा रहे। इस अवसर पर नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर, प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर समेत पदाधिकारी और बड़ी संख्या में महिला पत्रकार साथी मौजूद रहीं।

# पीएम मोदी की सभा 30 को बिल्हा के मोहभट्ठा में, तैयारी में जुटे मंत्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 30 मार्च को बिलासपुर के बिल्हा क्षेत्र में स्थिति मोहभट्ठा में एक विशाल आमसभा को संबोधित करने वाले हैं। कार्यक्रम के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। खास बात ये है कि तैयारियों में केंद्रीय मंत्री तोखन साहू, उप मुख्यमंत्री अरुण साव भी जुटे हैं। कार्यक्रम स्थल पर अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की साथ ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश भी दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 30 मार्च को बिलासपुर में कार्यक्रम को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। बिल्हा के ग्राम मोहभट्ठा में प्रधानमंत्री की विशाल आमसभा होगी। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू तथा उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने रविवार को स्थल निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों की बैठक लेकर समीक्षा की और आवश्यक निर्देश दिए। विधायक धरमलाल कौशिक, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, महापौर पूजा विधानी, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव भीम सिंह, आईजी संजीव शुक्ला, कलेक्टर अवनीश शरण और एसपी रजनेश सिंह सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस के आला अफसर भी इस दौरान मौजूद थे।

### पीएम का आना सौभाग्य की बात

केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू और उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मैदान के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग व्यवस्थाओं के लिए चिन्हांकित स्थलों का जायजा लिया। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हजारों करोड़ की सौगात लेकर छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम के संबंध में अधिकारियों को निर्देशित किया कि हितग्राहियों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो। आसपास रहने वाले लोगों को भी किसी तरह की परेशानी न हो।

### होगी तगड़ी व्यवस्था

केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू और उप मुख्यमंत्री श्री साव ने मैदान के हर कोने का भ्रमण कर बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने हेलीपेड, मंच, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रदर्शनी स्थल, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था आदि के संबंध में अधिकारियों से चर्चा कर जरूरी निर्देश दिए। डीएफओ सत्यदेव शर्मा, बिलासपुर नगर निगम के आयुक्त एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी अमित कुमार तथा जिला पंचायत के सीईओ एवं सहायक नोडल अधिकारी संदीप अग्रवाल सहित आमसभा की तैयारी से जुड़े विभिन्न विभागों के अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे।

*कार्यकारिणी में कई बदलाव के साथ मोर्चा, प्रकोष्ठ में भी बदलेंगे चेहरे*

# 24 को आएंगे नड्डा, उसके बाद ही बनेगी किरण की नई टीम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल समाप्त होने के पहले उनका इस माह रायपुर आगमन होने वाला है। उनके 24 मार्च को आने की संभावना है। उनके अध्यक्ष के रूप में इस अंतिम दौरे के बाद ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी बनेगी। संभावना जताई जा रही है कि किरण देव की नई टीम में कई बदलाव होंगे। जहां कार्यकारिणी में कुछ पदाधिकारी बदलेंगे, वहीं मोर्चा-प्रकोष्ठ में भी नए चेहरे नजर आएंगे। ज्यादातर मोर्चा-प्रकोष्ठ के अध्यक्ष और संयोजकों का कार्यकाल भी पूरा होने वाला है। भाजपा के प्रदेश संगठन के चुनाव पूरे हो चुके हैं। रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष को छोड़कर सभी जिलों में नए अध्यक्ष बन गए हैं। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष का चुनाव किया गया तो इसमें भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने एक बार फिर से किरण देव को ही कमान सौंपी। किरण देव को विधानसभा चुनाव के बाद 2019 में तब अध्यक्ष बनाया गया था, जब विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को डिप्टी सीएम बना दिया गया था। ऐसे में किरण देव का कार्यकाल करीब सवा साल का ही रहा। अब उनको पूर्णकालिक अध्यक्ष बना दिया गया है।

### होंगे कई बदलाव

प्रदेश संगठन की नई कार्यकारिणी में कई बदलाव होने की संभावना है। प्रदेश के एक महामंत्री जगदीश रामू रोहरा धमतरी के महापौर बन गए हैं। इसी तरह से एक उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव राजनांदगांव के महापौर बन गए हैं। प्रदेश संगठन के कई पदाधिकारियों को निगम, मंडल और आयोग में पद मिलने की भी संभावना है। ऐसे में जिनको दूसरे पद मिलेंगे, उनके स्थान पर कार्यकारिणी में बदलाव होगा। इसी के साथ मोर्चा और प्रकोष्ठ के ज्यादातर चेहरे भी बदल जाएंगे।

### नई कार्यकारिणी की कवायद जल्द

किरण देव के वापस 17 जनवरी को अध्यक्ष बनने के बाद नगरीय निकाय चुनाव का ऐलान हो गया। ऐसे में भाजपा इसमें जुट गई। भाजपा को निकाय चुनाव में ऐतिहासिक सफलता मिली है। इसके बाद पंचायत चुनाव में भी भाजपा के हाथ बड़ी सफलता लगी है। भाजपा को नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में मिली बड़ी सफलता के कारण ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का रायपुर आने का कार्यक्रम तय हुआ है। उनके इस दौरे में ही जहां प्रदेश के निगम, मंडल, आयोगों को लेकर बड़ा फैसला संभव है, वहीं साय मंत्रिमंडल के विस्तार पर भी चर्चा होने की संभावना है। यही नहीं, किरण देव की नई कार्यकारिणी को लेकर भी चर्चा होगी।

## अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट, सेंट्रल सेक्टर से लेनी पड़ रही 37 सौ मेगावाट बिजली

# मार्च में पहली बार बिजली की खपत 6200 मेगावाट से ज्यादा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर



गर्मी ने अभी अपने तेवर पूरे नहीं दिखाए हैं, लेकिन बिजली में डिमांड की गर्मी अभी से दिखने लगी है। मार्च में बिजली की खपत पहली बार 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। बीते माह फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट तक गई थी। छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी के सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। खपत की पूर्ति करने के लिए सेंट्रल सेक्टर से 37 सौ मेगावाट बिजली लेनी पड़ रही है। इस बार गर्मी में खपत के 65 सौ मेगावाट तक जाने की संभावना है। इसको देखते हुए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने व्यवस्था कर रखी है।

गर्मी अब कब प्रारंभ हो जाए, कहा नहीं जा सकता है। बीते साल गर्मी ने फरवरी से तेवर दिखाए थे, लेकिन इस बार तो गर्मी जनवरी से ही पड़ने लगी। इसके बाद पहले फरवरी और अब मार्च में पारा और चढ़ने लगा है। पारा चढ़ने के कारण बिजली की खपत का भी पारा लगातार चढ़ रहा है। गर्मी बढ़ने के कारण अभी से प्रदेशभर में एसी और कूलर चलने लगे हैं। इसी के साथ कृषि पंप भी चलने के कारण खपत का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है।

### बिजली की कमी नहीं

फरवरी-मार्च में पहली बार इतनी खपत बढ़ी है, लेकिन बिजली की कमी नहीं है। पूर्ति करने के लिए पूरा इंतजाम किया गया है। गर्मी को देखते हुए भी कंपनी पूरी तैयारी में है। कहीं कोई कमी नहीं होगी।

**- एसके कटियार,** एमडी, पॉवर उत्पादन कंपनी

### सेंट्रल सेक्टर का सहारा

पॉवर कंपनी के अपने संयंत्रों की उत्पादन क्षमता 2960 मेगावाट है, लेकिन कभी भी उत्पादन सौ फीसदी नहीं होता है। सभी संयंत्रों के चलने पर अपना उत्पादन 25 से 26 सौ मेगावाट तक होता है। इस समय सभी संयंत्रों के चलने के कारण अपना उत्पादन 25 सौ मेगावाट हो रहा है। ऐसे में खपत की पूर्ति करने लिए सेंट्रल सेक्टर से ज्यादा बिजली लेनी पड़ रही है। सेंट्रल सेक्टर से पॉवर कंपनी का शेयर 35 सौ मेगावाट है, इससे ज्यादा बिजली लेने पर पैसे भी ज्यादा देने पड़ते हैं।

### मार्च में पहली बार इतनी खपत

फरवरी और मार्च में आमतौर पर बिजली की खपत इतनी नहीं रहती है। कृषि पंपों के कारण फरवरी में खपत पांच हजार मेगावाट के पार जरूर हो जाती है, लेकिन इस बार फरवरी में ही खपत छह हजार मेगावाट गई है। पॉवर कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक पहली बार फरवरी में इतनी ज्यादा खपत देखने को मिली। इसके बाद अब मार्च में खपत का ग्राफ और बढ़ गया है। इस समय खपत 62 सौ मेगावाट के पार हो गई है। मार्च में ही और नया रिकॉर्ड बनने की संभावना है।

### विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन स्थगित

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल आरक्षित वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ का आंदोलन प्रबंधन से मिले आश्वासन के बाद स्थगित कर दिया गया है। संघ के प्रांतीय महासचिव जीके मंडावी ने बताया कि 20 मार्च को चेयरमैन पॉवर कंपनी ने द्विपक्षीय वार्ता करने पर सहमति व अन्य मांगों को प्रबंधन द्वारा तत्काल निराकृत करने का आश्वासन दिया है। साथ ही गर्मी के समय में आम नागरिकों को विद्युत सेवा बाधित होने से होने वाली परेशानी को ध्यान में रखते हुए जारी क्रमबद्ध आंदोलन को एक निश्चित समय के लिए स्थगित किया गया है। इसके बाद भी कंपनी प्रबंधन द्वारा संघ की मांगों को यदि दरकिनार किया गया तो अनिश्चितकालीन हड़ताल, धरना प्रदर्शन करने बाध्य होंगे।

### सुंदर नगर में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आज

**रायपुर।** नूगा बेस्ट, शिव हेल्थ केयर सेंटर सुंदरनगर डगनिया द्वारा 10 मार्च को एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में कोरिया देश के नूगा बेस्ट कंपनी के एमडी मून सर विशेषकर साउथ कोरिया से आ रहे हैं, जो डायबिटीज, लिवर, लंग्स, स्पाइन कोड आदि की बीमारियों पर किस प्रकार सफलतापूर्वक नूगा बेस्ट की यांत्रिक विधियों द्वारा नियंत्रण पाया जा सकता है और रोगमुक्त हुआ जा सकता है। यह जानकारी देते हुए डॉ राकेश ने बताया कि रायपुर में भी इस संस्था द्वारा दो-तीन केंद्र चलाए जा रहे हैं।



## शंकर को बेस्ट पीएलवी सम्मान

**रायपुर।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रायपुर बलराम प्रसाद वर्मा ने शंकरलाल साहू को उत्कृष्ट पैरालीगल वालिंटियर्स के रूप में 8 मार्च को आयोजित नेशनल लोक अदालत के अवसर पर सम्मानित किया। श्री साहू द्वारा उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर यह सम्मान दिया गया।

## दो बागी भाजपा से निष्कासित

**रायपुर।** नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वालों को पार्टी ने निष्कासित कर दिया है। वाड्रफनगर में नगर पंचायत चुनाव में भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने वाले पंकज कुमार गुप्ता और गुरुर जनपद पंचायत में अध्यक्ष के खिलाफ बागी होकर चुनाव लड़ने वाली सुनीता साहू को छह-छह साल के लिए निष्कासित किया गया है।

## निधन

### प्रकाश मंडल



**रायपुर।** शहर निवासी प्रकाश मंडल का 8 मार्च को दिल्ली में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार रविवार को करोलबाग मुक्तिधाम में किया गया। वे स्पंज फैक्ट्री के संचालक डॉ. मनीष कुमार मंडल के बड़े भाई तथा सतीश, प्रदीप, प्रशांत के पिता थे।

### शांतिलाल लोढ़ा



**रायपुर।** प्रशांति मार्ग न्यू शांति नगर निवासी शांतिलाल लोढ़ा का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में किया गया। वे नागेश्वर लोढ़ा के पिता, नरेंद्र, महावीर, संतोष, प्रकाश, सुभाष एवं सुरेश लोढ़ा के चाचा थे।

### रत्नी बाई सोनकर



**रायपुर।** मठपुरैना निवासी रत्नी बाई सोनकर का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार 10 मार्च को सुबह 9 बजे महादेवघाट श्मशानघाट में किया जाएगा। वे राधेश्याम सोनकर एवं पवन सोनकर की माताजी थीं।

### बीपी श्रीवास्तव



**रायपुर।** कबीर नगर निवासी बीपी श्रीवास्तव (77) का 9 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमोद श्रीवास्तव और दिलीप श्रीवास्तव के पिता तथा अक्षत, रौनित, अथर्व के दादा थे।

# एडवांस्ड विषय चुना तो हल करने पड़ेंगे अतिरिक्त सवाल, बोर्ड देगा सप्लीमेंट्री पेपर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) 9वीं और 10वीं कक्षा में साइंस और सोशल साइंस के लिए दो लेवल के पेपर शुरू करने पर विचार कर रहा है-स्टैंडर्ड और एडवांस्ड। ये बिलकुल 10वीं कक्षा में गणित विषय के लिए चल रहे दो-लेवल सिस्टम जैसा होगा। एडवांस्ड लेवल का मकसद सब्जेक्ट को गहराई से समझना और सोचने की क्षमता को बढ़ावा देना है, जबकि स्टैंडर्ड लेवल में मुख्य समझ पर ध्यान दिया जाएगा।

■ **अपनी सुविधानुसार कठिन अथवा सरल विषय का चुनाव कर सकेंगे विद्यार्थी**

सीबीएसई की गवर्निंग बॉडी ने पिछले साल दिसंबर में इस फैसले को मंजूरी दी थी। सीबीएसई के मुताबिक स्टैंडर्ड लेवल की परीक्षाएं कम समय की हो सकती हैं, जबकि एडवांस्ड लेवल की परीक्षाएं अतिरिक्त कंटेंट के कारण लंबी हो सकती हैं। दोनों परीक्षाएं एक ही दिन और एक ही परीक्षा केंद्र पर होंगी। एडवांस्ड लेवल चुनने वाले स्टूडेंट्स को एक्स्ट्रा सवालों वाला एक सप्लीमेंट्री पेपर मिलेगा, जिसमें हायर लेवल के स्किल की जरूरत होगी।

## गणित के बाद विज्ञान और सामाजिक विज्ञान में भी होंगे दो तरह के पर्चे

### मूल सिलेबस के साथ जोड़े जाएंगे अतिरिक्त टॉपिक

सिलेबस में एक सामान्य मूल सिलेबस होगा, जिसमें एडवांस्ड लेवल पर गहराई से स्टडीज के लिए कुछ खास सब्जेक्ट की पहचान की जाएगी। सीबीएसई और नेशनल काउंसिल ऑफ एजूकेशनल रिसर्च एंड ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) के अधिकारियों के मुताबिक एडवांस्ड लेवल के लिए ज्यादा कंटेंट वाली साइंस, सोशल साइंस और गणित की नई किताबें 2026-27 एकेडमिक सेशन के लिए उपलब्ध होंगी। सीबीएसई गणित के पेपर का नाम बदलने और उसे साइंस और सोशल साइंस की तरह ही व्यवस्थित करने पर भी विचार कर रहा है। वर्तमान सिस्टम में, 10वीं कक्षा के गणित में स्टैंडर्ड और बेसिक दोनों लेवल एक ही सिलेबस पर आधारित हैं।




### छात्रों को फ्लेक्सिबिलिटी देने प्रयोग

इस कदम का उद्देश्य छात्रों को फ्लेक्सिबिलिटी देना है। इंजीनियरिंग और मेडिकल जैसे फील्ड में रुचि रखने वाले छात्र साइंस में एडवांस्ड लेवल चुन सकते हैं, जबकि अन्य क्षेत्रों में जाने वाले छात्र स्टैंडर्ड लेवल चुन सकते हैं। इसी तरह, सोशल साइंस में एडवांस्ड लेवल में ऐतिहासिक घटनाओं, भौगोलिक पैटर्न और इकोनॉमिक सिस्टम की गहरी खोज का अध्ययन कराया जाएगा, जबकि स्टैंडर्ड लेवल वास्तविक दुनिया के एप्लीकेशन्स पर जोर देगा।

## पश्चिमी विक्षोभ से उतार-चढ़ाव जारी, रविवार को नांदगांव सबसे गर्म

# तेज धूप में होली, 21 को दिन-रात बराबर, फिर चढ़ेगा पारा, माहांत तक 40 डिग्री होगा तापमान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से प्रदेश में गर्मी का दौर शुरू हो चुका है और इस बार होली पर तेज धूप अपना असर दिखाएगी। 21 मार्च को दिन-रात बराबर होंगे, जिसके बाद गर्म हवाएं अपना असर दिखाएंगी और अंत तक लोगों को 40 डिग्री से ज्यादा की गर्मी सहनी पड़ेगी।

■ **राजधानी में दिन की हवाएं गर्म, अधिकतम तापमान 37 डिग्री तक पहुंचा**

पश्चिमी विक्षोभ का उतार-चढ़ाव जारी है, इस बीच रात में हल्की ठंड बरकरार है, मगर दिन का पारा चढ़ने लगा है।

रविवार को राजनांदगांव में सबसे अधिक गर्मी रही और तापमान 38.5 तक पहुंच गया। राजधानी रायपुर भी गर्मी के मामले में पीछे नहीं है और दोपहर की कड़ी धूप के बीच पारा 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि होली के दिन राजधानी समेत प्रदेश में तेज गर्मी रह सकती है। अभी गर्मी बढ़ते दौर में है और 13 मार्च तक अधिकतम तापमान बढ़ते दौर में रहेगा। इसके बाद पुनः आने वाली दक्षिणी हवा मौसम में थोड़ा बदलाव कर सकती है। अभी दिन की तुलना में रात बड़ी है और 21 मार्च को दिन-रात की लंबाई बराबर होगी।



### अभी पड़ रही ऐसी गर्मी

| | |
|---|---|
| रायपुर | 37.0 |
| माना | 36.2 |
| बिलासपुर | 35.4 |
| पेंड्रा | 33.4 |
| अंबिकापुर | 33.2 |
| जगदलपुर | 36.2 |
| दुर्ग | 36.6 |
| राजनांदगांव | 38.5 |

इसके बाद रात की अवधि छोटी होती चली जाएगी, जिससे गर्मी का प्रकोप बढ़ता चला जाएगा।

माना जा रहा है कि माह के अंतिम दिनों में तापमान 40 डिग्री के पार होकर पिछले दस साल के रिकार्ड के बराबर 41.6 के समीप पहुंच सकता है। इस दौरान उष्ण हवाएं लू जैसे हालात भी बना सकती हैं। मार्च के महीने में गर्मी का प्रभाव दिन में अधिक रहता है और रात को मौसम ठंडा रहता है, मगर जैसे-जैसे अप्रैल नजदीक आता है, रात की ठंड भी गायब होने लगती है।

### अप्रैल-मई में ज्यादा गर्मी, हीट-वे भी अधिक

दिल्ली के मौसम विशेषज्ञों ने इस बार देश में अधिक गर्मी रहने की संभावना जताई थी, जिसका असर महसूस होने लगा है। राज्य के मौसम विभाग के विशेषज्ञों के मुताबिक, अभी पश्चिमी विक्षोभ लगातार सक्रिय हो रहा है। इसके असर से कई इलाकों में बादल भी छा रहे हैं, मगर यह बढ़ती गर्मी के अहसास को कम नहीं कर पा रहा है। महीने के दूसरे सप्ताह में ही राज्य का तापमान 38 डिग्री को क्रॉस कर चुका है। राजधानी में भी गर्मी अपना असर दिखा रही है और यहां का पारा 37 तक पहुंच चुका है।

### साल में दो बार दिन रात बराबर

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, साल में दो बार ऐसी स्थिति आती है, जब दिन और रात की अवधि सामान होती है। 21 मार्च को यह स्थिति बनने के बाद रात की लंबाई कम होती चली जाएगी। दिन बड़ा होने की वजह सूर्य को धरातल को गर्म करने के लिए ज्यादा वक्त मिलेगा। इसी तरह 23 सितंबर को जब रात-दिन बराबर होता है, इसके बाद दिन की लंबाई घटने लगती है, ससे ठंड का सीजन शुरू होने लगता है।

# रेलवे स्टेशन की वाटर वेंडिंग मशीन से 5 रुपए में मिलेगा एक लीटर मिनरल वाटर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रेलवे स्टेशनों पर अब अधिकांश यात्रियों को बोतल खरीदने की जरूरत नहीं पड़ेगी और वे वाटर वेंडिंग मशीन से सस्ती दर पर स्वच्छ पेयजल प्राप्त कर सकेंगे। रेलवे ने इन मशीनों के जरिए 2 रुपए से लेकर 25 रुपए तक की कीमत पर पानी उपलब्ध कराना शुरू कर दिया है। यात्रियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए स्टेशन के एक से सात प्लेटफार्म तक 80 से अधिक नल की टोटियां लगाई गई हैं, और छह प्लेटफार्मों पर वाटर कूलर भी लगाए गए हैं। हालांकि भीड़भाड़ के समय ट्रेनों के आगमन के दौरान स्टेशन पर पानी के लिए मारामारी मचती है। रेलवे प्रशासन अब रायपुर स्टेशन पर 6 और दुर्ग स्टेशन पर 5 वाटर वेंडिंग मशीन स्थापित करेगा, जिनमें से प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर मशीन की शुरुआत कर दी गई है।

■ **स्टेशनों में सस्ती दर पर यात्रियों को स्वच्छ पेयजल देने लगाई जा रही वाटर वेंडिंग मशीनें**



### अन्य मिनरल वाटर से कीमत कम

वाटर वेंडिंग मशीन से मिलने वाली पानी की कीमत स्टेशन पर मिलने वाले अन्य मिनरल वाटर की तुलना में काफी कम है। यात्रियों को फिल्टर्ड और स्वच्छ पानी अब मात्र 2 रुपए में 300 मिलीलीटर की दर से उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, यात्रियों की सुविधा के लिए 500 मिलीलीटर, 1 लीटर, 2 लीटर और 5 लीटर की मात्रा में भी पानी किफायती दरों पर उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा, यात्रियों को अपनी खुद की बोतल लाने का विकल्प भी दिया गया है, जिससे प्लास्टिक कचरे में कमी आएगी और पर्यावरण संरक्षण में मदद मिलेगी।

### इतनी कीमत पर मिलेगा पानी

- ■ **300 मिली:** बिना कंटेनर 2 रुपए, कंटेनर सहित 3 रुपए
- ■ **500 मिली:** बिना कंटेनर 3 रुपए, कंटेनर सहित 5 रुपए
- ■ **1 लीटर:** बिना कंटेनर 5 रुपए, कंटेनर सहित 8 रुपए
- ■ **2 लीटर:** बिना कंटेनर 8 रुपए, कंटेनर सहित 12 रुपए
- ■ **5 लीटर:** बिना कंटेनर 20 रुपए, कंटेनर सहित 25 रुपए

## होली से पहले डीए स्वीकृत सीएम साय का जताया आभार



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उनके निवास कार्यालय में रविवार को छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस मौके पर प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने वेतन विसंगति दूर करने, चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान दिलाने, लंबित महंगाई भत्ते का एरियर्स का भुगतान सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने होली से पहले अधिकारी-कर्मचारियों का 3 प्रतिशत महंगाई भत्ता स्वीकृत करने पर मुख्यमंत्री का आभार जताया। इसके बाद प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को विभिन्न मांगों के संबंध में 5 सूत्रीय ज्ञापन भी सौंपा। मुलाकात करने वालों में बीपी शर्मा, चंद्रशेखर तिवारी, सतीश मिश्रा, पंकज पांडेय, राजेश चटर्जी, सत्येंद्र देवांगन, अजीत दुबे, जय कुमार साहू, ऋतु परिहार, उमेश मुदलियार, राजेंद्र चंद्राकर, पीतांबर पटेल, संतोष कुमार वर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

■ **मुख्यमंत्री साय से छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात**

## हैंडीक्राफ्ट क्लास का समापन 25 महिलाओं ने लिया भाग



**रायपुर।** केयर स्किल फाउंडेशन द्वारा 24 फरवरी से 7 मार्च तक गायत्री प्रज्ञा पीठ, रावाभाठा में 10 दिवसीय निःशुल्क हैंडीक्राफ्ट क्लास का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 25 महिलाओं ने भाग लिया और विभिन्न हस्तनिर्मित वस्तुएं बनाना सीखा। प्रशिक्षिका प्रज्ञा देवांगन द्वारा महिलाओं को कंगन, हेयरबैंड, डिजाइनर हेयर क्लिप्स, ईयरिंग, ब्रेसलेट, चोकर सेट, रेज़िन आर्ट से की-रिंग और फोटो फ्रेम बनाने की कला सिखाई गई। यह कार्यशाला महिलाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया। इस अवसर पर केयर स्किल फाउंडेशन के सचिव केंद्रिश श्री साहू, भूमिका साहू, अवेंद्र कुमार और हरीश्वर दास उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश साहू और विशेष अतिथि के रूप में गायत्री प्रज्ञा पीठ के अध्यक्ष कथा राम साहू मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ओम प्रकाश साहू ने अपने संबोधन में कहा, हस्तशिल्प न केवल एक कला है, बल्कि यह आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने का एक सशक्त माध्यम भी है।

## मकान खाली करने के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** गंज थाने में एक युवक ने अपने छोटे भाई के खिलाफ किराएदार से मकान खाली कराने के विवाद में मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। देवेंद्र नगर निवासी मो. राशिद ने अपने छोटे भाई मो. नासिर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। राशिद ने पुलिस को बताया कि उसके पिता ने एक व्यक्ति को मकान में रहने के लिए जगह किराए पर दी है। किराएदार को मकान खाली करने के लिए कहने पर नासिर नाराज हो गया और अपने पिता, भाई तथा बहन के साथ विवाद करते हुए उनके साथ मारपीट की।

## सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर सीएम ने किया नमन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने महान समाज सुधारक, शिक्षाविद् और मराठी कवयित्री सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि 10 मार्च 1पर उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि श्रीमती फुले ने अपने अद्वितीय साहस और समर्पण से भारतीय समाज में शिक्षा और सामाजिक न्याय की क्रांति का सूत्रपात किया। उन्होंने न केवल खुद शिक्षा प्राप्त की, बल्कि वंचित वर्गों और महिलाओं के लिए शिक्षा के द्वार खोलकर सामाजिक चेतना को नई दिशा दी। उनका संपूर्ण जीवन अंधकार से प्रकाश की ओर समाज को अग्रसर करने की प्रेरणा देता है।

## पेज 11 के शेष ...

### अभी तो गर्मी शुरू...

से जल विभाग को इन दिनों प्रतिदिन 250 क्यूसेक रॉ-वाटर की जरूरत पड़ रही है। मार्च के अंतिम सप्ताह में यह मात्रा 300 क्यूसेक तक जा सकती है। जल विभाग ने इसकी पूर्व तैयारी कर रखी है। सिंचाई विभाग के साथ पूर्व में हुए एग्रीमेंट के अनुसार, गंगरेल डेम में 3.1 टीएमसी रॉ वाटर सालभर की खपत हिसाब से रायपुर शहर के लिए सुरक्षित रखा गया है।

### समोसे की कीमत रोजाना...

भी हलाकान हो गया था। इसे देखते हुए विवि की कार्यपरिषद की बैठक में प्रस्ताव रखा गया। विकास कमेटी द्वारा रखे गए प्रस्ताव के बाद इस पर चर्चा की गई और कैंटिन की खाद्य सामग्री अनुसार प्रदत्त दर को अनुमोदित किया गया। अब कैंटिन द्वारा एक ही दर पर रोजाना खाद्य सामग्री बेची जाएगी।

### मेडिकल पीजी की...

कराई। रविवार को संस्था चयन के आधार पर 30 लोगों को शासकीय और निजी कॉलेजों में खाली बची सीटों का आवंटन किया गया। इसमें नॉन क्लीनिकल की 11 और क्लीनिकल से संबंधित 19 सीटें शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार, मॉपअप राउंड के दौरान निजी मेडिकल कॉलेज बालाजी में 4, रिम्स में 1 तथा शंकराचार्य में एनआरआई कोटे की 3 सीटें खाली रह गई थीं। कॉलेजों की डिमांड थी कि इन सीटों पर पांच परसेंटाइल के नियम को अपनाते हुए स्पेशल स्ट्रे राउंड में एडमिशन की अनुमति देने पर विचार किया जाए। चिकित्सा शिक्षा विभाग ने उनके निवेदन को नजरअंदाज करते हुए इन सीटों को सामान्य कोटे में तब्दील कर स्ट्रे राउंड में शामिल कर लिया है। मॉपअप राउंड के बाद खाली बचीं 98 में से 30 सीटों का आवंटन कर दिया गया है और एडमिशन की प्रक्रिया 12 मार्च तक पूरी करने का शेड्यूल जारी किया है।

### रायपुर के बांग्लादेशी शातिरों...

ने आईएमओ नंबर से बातचीत की है। सूत्रों के मुताबिक पूछताछ में तीनों बांग्लादेशी नागरिकों ने किसी अन्य देश से बातचीत करने से इंकार किया है।

### अरब को छोड़ शेष...

है कि गिरफ्तार बांग्लादेशा नागरिकों के कहीं आतंकी कनेक्शन तो नहीं है। बातचीत की जानकारी नहीं देने पर एटीएस ने इंटरपोल से आईएमओ से बातचीत करने की जानकारी मांगी है। इंटरपोल से जानकारी मिलने के बाद एटीएस तीनों बांग्लादेशी नागरिकों को एक बार फिर से पूछताछ के लिए रिमांड ले सकती है। इसके साथ ही बांग्लादेशी नागरिकों ने जिन देशों में बातचीत की है। उनके डिटेल मिलने के बाद एटीएस की जांच की दिशा तय होगी।

### दस्तावेज रद्द कराने की...

एटीएस की टीम बांग्लादेशी नागरिकों के दस्तावेज बनवाने में और किन लोगों ने मदद की है, उनके बारे में जानकारी जुटाने अभी भी जुटी हुई है।

### महिला आरपीएफ को...

आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से लिया गया है। सुनसान रेलवे स्टेशन, चलती ट्रेनें और दूरस्थ स्थानों पर तैनात महिला आरपीएफ कर्मियों को मिर्च स्प्रे से लैस करना उन्हें संभावित खतरों से निपटने में मदद करेगा। वर्तमान में आरपीएफ में महिलाओं की भागीदारी 9 प्रतिशत है, जो कि सभी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में सबसे अधिक है। इनमें से कई महिलाएं 'मेरी सहेली' टीमों का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य महिला यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। 250 से अधिक 'मेरी सहेली' टीमें प्रतिदिन लगभग 12,900 महिला यात्रियों से संपर्क कर उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। **'मेरी सहेली' टीम का अहम योगदानः** भारतीय रेलवे महिला सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से सतर्क है। वर्तमान में आरपीएफ में 9 प्रतिश महिलाएं कार्यरत हैं, जो कि किसी भी केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में महिलाओं का सबसे अधिक अनुपात है। इनमें से कई महिला आरपीएफ कर्मी 'मेरी सहेली' टीम का हिस्सा हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य ट्रेनों में सफर करने वाली महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। कुछ जोन में महिला आरपीएफ कर्मियों पर हमले की घटनाएं सामने आई हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए मिर्च स्प्रे उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। महिला कर्मी न केवल अपनी सुरक्षा सुनिश्चित करेंगी, बल्कि अन्य महिला यात्रियों में भी जागरूकता बढ़ाने का कार्य करेंगी।

**न्यायालय चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ट श्रेणी बिलासपुर (छ.ग.)**

जगदीश ध्रुव+6 अन्य ......वादी
// विरूद्ध //
अंशुल मुरारका + अन्य 5 प्रतिवादीगण

प्रति क्र. 4 अमित जायसवाल उम्र लगभग 50 वर्ष पिता ज्ञान प्रकाश निवासी 301 गोल्डन कालोनी श्रीराम नगर, शंकर नगर के पास रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग.

प्र.क्र. 361/23
पेशी ता. 29/03/25
आदेश दिनांक 20/02/25
प्रोसेस ...............

इस न्यायालय में जगदीश ध्रुव के द्वारा विरोधी पक्षकारगण के विरूद्ध प्रकरण संस्थित किया गया है। आप अमित जायसवाल इस न्यायालय में दिनांक 29-03-25 को दिन के 11:00 बजे दावा प्रकरण का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिरी) होने के लिए नोटिस / समंस का प्रकाशन किया जाता है। आप इस न्यायालय में स्वयं या किसी प्लीडर/अधिवक्ता के द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और इस दावा से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके, तथा उन सभी दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहे जिस पर आप अपनी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि, आप उक्त तारीख को इस न्यायालय में हाजिर नहीं होंगे तो आपके विरूद्ध दावा की एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए दावा का निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। यदि किसी कारणवष पेषी तारीख 29.03.25 को अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस को की जावेगी।

आज दिनांक .......को मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। स्थान :- बिलासपुर (छ.ग.)

कु. रूचिता अग्रवाल
पष्ठम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
(सेन्ट्रल प्रोसेस फीस सेक्शन के उपयोग हेतु)

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 25.02.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री जियाउर रहमान पिता/पति शेख सुल्तान निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित भूमि मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद भूमि जिसका खसरा नंबर 94/1, 94/2 रकबा 0.2180 हे., 0.1556 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 10.05.2023 के परिपालन में दिनांक 11.03.2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे/गठित दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसीस व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक, मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंदिर हसौद, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर**

**आम सूचना**

जारी दिनांक 24.02.2025

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शेख सुल्तान पिता/पति शेख रहमान निवासी रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित भूमि मंदिर हसौद पटवारी हल्का नंबर 22 राजस्व निरीक्षक मंडल मंदिर हसौद भूमि जिसका खसरा नंबर 284, 285/1 रकबा 0.817 हे., 0.613 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद के आदेश दिनांक 04.03.2024 के परिपालन में दिनांक 11.03.2025 को समय 01 बजे पश्चात मेरे/गठित दल द्वारा किया जाना नियत है।

अतः उक्त सीमांकन में जिस किसीस व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 22 के मंदिर हसौद में स्थित कार्यालय या राजस्व निरीक्षक कार्यालय मंदिर हसौद में दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

**राजस्व निरीक्षक, मंदिर हसौद**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-21 (रावांभाठा) तहसील धरसींवा, जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 07.03.2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अंगद कौशिक पिता रामचंद्र कौशिक द्वारा आवेदित ग्राम उरला प.ह.नं. 29 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-21 (रावांभाठा) स्थित भूमि खसरा नंबर 636/6 रकबा 0.1600 हेक्टेयर का सीमांकन न्यायालय तहसीलदार धरसींवा जिला रायपुर के ज्ञा. क्र. / वाचक/ तह. / वर्ष 2024-2025 धरसींवा के आदेश दिनांक 20.01.2025 के परिपालन में दिनांक 12.03.2025 को समय 12:00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 29 के उरला स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार कियाा जाना संभव नहीं होगा।

अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-21 (रावांभाठा)**




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# व्यापम ने पूछा-खाद्य पदार्थों में बेन्जोएट्स का प्रयोग क्यों, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष सर्वाधिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा रविवार को कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया। व्यापम द्वारा आयोजित की गई यह इस वर्ष की पहली परीक्षा है। इसके लिए व्यापम को 67 हजार आवेदन प्राप्त हुए थे। सभी संभागीय मुख्यालयों में व्यापम ने इसके लिए परीक्षा केंद्र बनाए थे। इनमें से 42 केंद्र राजधानी रायपुर में बनाए गए। विज्ञापन जारी होने के 17 माह बाद व्यापम द्वारा इसकी परीक्षा आयोजित की गई। वर्ष 2023 अक्टूबर में इसके लिए आवेदन निकाले गए थे। गौरतलब है कि इस वर्ष होने वाली परीक्षाओं के लिए अधिसूचना व्यापम ने पूर्व में ही वार्षिक कैलेंडर के माध्यम से जारी कर दी थी। इसके बाद 23 मार्च को व्यापम द्वारा मत्स्य निरीक्षक भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। यह व्यापम द्वारा आयोजित होने वाली दूसरी परीक्षा होगी। इसके बाद अप्रैल माह में व्यापम द्वारा प्रवेश परीक्षाओं का सिलसिला प्रारंभ होगा।

- रायपुर के 42 परीक्षा केंद्रों में हुई कृषि संचालनालय के अंतर्गत लैब असिस्टेंट भर्ती परीक्षा
- 67 हजार उम्मीदवारों ने दिलाई थी परीक्षा, अक्टूबर 2023 में निकला था विज्ञापन

### उपस्थिति के आंकड़े नहीं

परीक्षा के दिन व्यापम की वेबसाइट पूरे दिन ठप रही। इसके कारण परीक्षा संबंधित किसी भी तरह की सूचना परीक्षार्थियों को प्राप्त नहीं हो सकी। इसके अलावा व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों के उपस्थिति के आंकड़े भी साझा नहीं किए गए हैं। पूर्व में व्यापम द्वारा परीक्षार्थियों की संख्या साझा की जाती थी। केंद्रों से अंतिम सूचना आने के बाद संख्या में कुछ परीक्षार्थियों की घट-बढ़ के चलते उत्पन्न हुए विवाद के बाद व्यापम द्वारा संख्या के स्थान पर परीक्षार्थियों का प्रतिशत साझा किया जाता रहा, लेकिन अब व्यापम द्वारा उपस्थित परीक्षार्थियों के प्रतिशत साझा करने में आनाकानी की जा रही है।




### पूछे गए 100 सवाल

व्यापम की परीक्षा प्रातः 10 बजे प्रारंभ हुई। परीक्षार्थियों को एक घंटे पूर्व केंद्र पहुंचने निर्देश दिए गए थे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बाद ही अभ्यर्थियों को केंद्र में प्रवेश दिया गया। 100 सवाल कैंडिडेट्स से पूछे गए। पद की प्रवृत्ति के आधार पर सभी सवाल विज्ञान आधारित रहे। इसमें खाद्य पदार्थों में बेंजोएट्स का प्रयोग क्यों होता है, पाई-बंध क्या है, विभिन्न गैस में अणुओं की संख्या, किस यौगिक से खाद्य तेलों का निर्माण होता है, किस पेस्टीसाइड्स के अवशेष खाद्य पदार्थ में सर्वाधिक होते हैं, हेरोइन किसका व्युत्पन्न है, मोनोमेट्रिक विधि का प्रयोग किसके मापन में होता है सहित आणविक द्रव्यमान व इलेक्ट्रॉनिक विन्यास जैसे सवाल पूछे गए।

## खबर संक्षेप



### पाइपलाइन बिछाने सड़क पर गड्ढा खोदा बढ़ी परेशानी

**रायपुर।** नगर निगम बिरगांव में अमृत मिशन योजना के तहत लोगों के घर पीने का साफ पानी पहुंचाने सड़क खुदाई की गई, पर पाइपलाइन बिछाने के बाद रेस्टोरेशन सही नहीं होने से लोग परेशान हैं। गड्ढों को सही ढंग से नहीं भरने से लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। बिरगांव नगर निगम के पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन ने महापौर और निगम के अधिकारियों पर उदासीनता बरतने का आरोप लगाया है। पूर्व नेता प्रतिपक्ष भीखमलाल देवांगन, समाजसेवी सरला-कमल देवांगन ने बताया कि 5 साल से बिरगांव में कछुए की चाल से नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा कार्य कराया जा रहा है। जिन स्थानों पर नगर निगम द्वारा पाइपलाइन से कनेक्शन दिया गया, वहां पर नल कनेक्शन में टोटियां नहीं लगाई हैं, जिससे पानी की बर्बादी हो रही है।

### सिंधु संस्कार का होली मिलन, महिलाओं को किया सम्मानित



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति ने महिला सम्मान एवं होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन नचरानी फार्महाउस पर किया। इस दौरान सभी महिलाओं को समिति के सदस्यों ने टीका लगाकर, दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया। संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा और भावना चंदानी बताया कि मुख्य अतिथि बिलासपुर महापौर पूजा विधानी रहीं, वहीं महिला सिंधी पार्षद कंचन वाधवानी बिलासपुर, तारा रामानी बिल्हा, पलक सुखवानी तिल्दा, समाजसेवी एवं महिला थाने की काउंसलर सावित्री जगत ने अध्यक्षता की।मंजू सुंदरानी, रिचा ठाकुर, राशि बलवानी, संगीता शर्मा, एडवोकेट आशा दुबे, पुष्पा वल्र्याणी, किरण ठाकुर, जूही दरयानी, दीपिका जेठानी, सीमा नचरानी, पुरुष वर्ग में विशेष अतिथियों में पूर्व पार्षद एवं एमआईसी सदस्य अजीत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के प्रदेश अध्यक्ष लद्दाराम नेनवानी, देवानंद शर्मा, विजय मथानी, विजय इसरानी ने अतिथियों का स्वागत किया।

### पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में आ रही दिक्कत

# 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति, पुराना पंप बदलकर लगाएंगे 100 एचपी का मोटरपंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत मोतीबाग पानी टंकी क्षेत्र के पुराने मोटरपंप को बदला जाएगा। इसकी जगह 100 एचपी क्षमता के नया मोटरपंप लगाने की तैयारी है। 75 एचपी के पुराने मोटरपंप से फिल्टर प्लांट का पानी ऊपर चढ़ाने में दिक्कत आ रही है, इसलिए मोटरपंप बदला जाएगा। मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया से संबंधित वार्डों में अभी केवल वनटाइम एक घंटे अतिरिक्त पानी लोगों को दिया जा रहा है। जबकि गंज पानी टंकी के कमांड क्षेत्र में पाइपलाइन टेस्टिंग के बाद सुबह-शाम एक-एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की व्यवस्था दी जा रही है।

राजधानी के मोतीबाग क्षेत्र स्थित प्रदेश की सबसे बड़ी पानी टंकी से मोतीबाग, बैजनाथपारा, सिविल लाइन, ब्राह्मणपारा, पुरानी बस्ती, सदर बाजार, गोलबाजार, मठपारा तात्यापारा और हांडीपारा इलाके में 24 घंटे जल आपूर्ति योजना के तहत नई पाइपलाइन बिछाने के बाद पाइपलाइन टेस्टिंग का काम पूरा हो गया है। अनुबंधित एजेंसी द्वारा संबंधित इलाके में वर्तमान में केवल एक समय एक घंटे अतिरिक्त पानी आपूर्ति की जा रही है। प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, नया मोटरपंप लगाने के बाद संबंधित इलाके में पानी का प्रेशर बढ़ाने में आसानी होगी।

### नई पाइपलाइन से ट्रायल के बाद वन टाइम वाटर सप्लाई, होली के बाद सुधरेगी स्थिति

#### 11 एमएलडी से बढ़कर 16 एमएलडी होगी जल आपूर्ति

मोतीबाग पानी टंकी वाले इलाके के लिए नगर निगम के फिल्टर प्लांट से वर्तमान में 11 एमएलडी पीने के पानी की आपूर्ति की जा रही है। गर्मी सीजन के बाद 24 घंटे जलप्रदाय योजना पूरी तरह से शुरू होने पर 5 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत पड़ेगी, यानी मोतीबाग पानी टंकी को 16 एमएलडी पेयजल मिलने लगेगा।




#### गंज पानी टंकी कमांड एरिया में दोनों समय जल आपूर्ति

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा शहर के 15 वार्डों में शुरू किए गए पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत गंज पानी टंकी कमांड एरिया वाले वार्डों में नई पाइपलाइन की टेस्टिंग के साथ ही सुबह शाम 1-1 घंटे अतिरिक्त जल आपूर्ति शुरू की गई है। सूत्रों के मुताबिक, राजधानी के मौदहापारा, शिवनगर, रामसागरपारा, समता कालोनी क्षेत्र में यह व्यवस्था दी जा रही है।

# तीन दिन बाद होली, सरकारी अस्पतालों में अलर्ट, तैनात किए जाएंगे विशेषज्ञ डॉक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केजुअल्टी के अलावा, मेडिसिन, आर्थो और न्यूरो विभाग में अघोषित इमरजेंसी

तीन दिन बाद मनाई जाने वाली होली के दौरान किसी भी घटना-दुर्घटना में चोटिल होने वालों के तत्काल उपचार के लिए सरकारी अस्पतालों में व्यवस्था अलर्ट मोड पर रहेगी। होलिका दहन, रंगोत्सव के दिन केजुअल्टी के अलावा मेडिसिन, हड्डीरोग और न्यूरो विभाग में विशेषज्ञ डॉक्टरों को तैनात किया जाएगा। आंबेडकर अस्पताल समेत जिला अस्पताल में भी इस तरह की आपात स्थिति से निपटने के लिए डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

गुरुवार को होलिका दहन किया जाएगा और शुक्रवार को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली का असर राजधानी में दो दिन बाद नजर आने की संभावना बन रही है। होली के अवकाश के दौरान होने वाली किसी भी तरह की अप्रिय घटनाओं के कारण चोटिल, पीड़ित व्यक्ति को आंबेडकर और जिला अस्पताल में इलाज देने की व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए विचार मंथन शुरू हो गया है। होली के दौरान गुरुवार और शुक्रवार को अवकाश है, इसके बाद शनिवार और रविवार को भी अवकाश का माहौल रहेगा। इस दौरान सरकारी अस्पताल अघोषित रूप से इमरजेंसी मोड में रहेंगे।

### सीएचसी में भी तैनात रहेंगे स्टाफ

बड़े अस्पतालों के साथ सामुदायिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्रों में भी होली में ड्यूटी करने वाले डॉक्टर और कर्मचारियों को सूची जल्द ही तैयार की जाएगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी ने बताया कि त्योहार के दौरान प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं को उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके अलावा किसी तरह की अन्य समस्या लेकर आने वालों को प्राथमिक उपचार के बाद ही बड़े संस्थान में रेफर किया जाएगा।

### त्वचा और नेत्ररोग डॉक्टर भी रहेंगे सक्रिय

होली के दौरान रंग-गुलाल के उपयोग की वजह से कई बार नेत्र और त्वचा से संबंधी परेशानी भी होती है, इसे ध्यान में रखते हुए दोनों विभाग के डॉक्टरों को भी सक्रिय रखा जाएगा। कई बार रंग अथवा गुलाल के उपयोग से आंखों में जलन सहित अन्य समस्या और त्वचा में एलर्जी संबंधी शिकायत लेकर भी लोग अस्पताल पहुंचते हैं। ऐसे में मरीजों को आवश्यक उपचार की सुविधा मुहैया कराई जाएगी।

# होली में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता, पुलिस की सवा सौ से ज्यादा टीमें करेंगी गश्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

होली पर्व के आते ही पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। साथ ही बीएसयूपी कॉलोनियों में दबिश देकर पुलिस ने बदमाशों की धरपकड़ तेज कर दी है। इसी कड़ी में रविवार तड़के टिकरापारा थाना क्षेत्र के बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कॉलोनी में दबिश देकर 20 संदिग्ध, तीन आदतन बदमाशों सहित 25 लोगों को गिरफ्तार किया है। छापे की कार्रवाई करने सौ से ज्यादा पुलिसकर्मी तथा अफसर आरडीए कॉलोनी पहुंचे थे। छापे की कार्रवाई तड़के 5 बजे शुरू की गई।

एसएसपी डॉ. लाल उमेंद सिंह के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से बोरियाखुर्द में बाहरी संदिग्ध लोगों के आने की सूचना मिल रही थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुए संदिग्धों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई करने आरडीए कॉलोनी में दबिश दी गई। पुलिस ने कॉलोनी में रह रहे लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने के निर्देश दिए। साथ ही जो संदिग्ध मिले हैं, उनके आपराधिक रिकार्ड की जानकारी जुटाने पुलिस ने एसएस रोल बनाकर संबंधित राज्यों के पुलिस की पास भेजे हैं।

### विवाद पर तुरंत थाने में दें सूचना

शुक्रवार को होली खेली जाएगी, उस दिन पवित्र रमजान महीने की जुमे की नमाज पढ़ी जाएगी। इस बात को ध्यान में रखते हुए मस्जिदों के आसपास अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही नमाज पढ़ने के दौरान पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी अलग से गश्त करने निकलेगी। लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाने पुलिस ने अपील करने के साथ ही क्षेत्र में किसी भी तरह की विवाद की स्थिति उत्पन्न होने पर इसकी जानकारी लोगों को अपने नजदीकी थाने में देने कहा है।

### होली के दिन क्रिकेट मैच बड़ी चुनौती

होली के दिन रायपुर स्थित शहीद वीरनारायण सिंह स्टेडियम में इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होना है। ऐसे में पुलिस को क्रिकेट मैच के लिए सुरक्षा इंतजाम करना एक बड़ी चुनौती होगा। क्रिकेट मैच के लिए लाइन के अलावा पड़ोसी जिलों से बल की व्यवस्था करने की बात पुलिस अफसर कह रहे हैं।



### होली में हर थानों में चार-चार पेट्रोलिंग

होली की हुड़दंग रोकने जिले के सभी 33 थानों में चार-चार की संख्या में पुलिस की पेट्रोलिंग टीमें गश्त करेंगी। इसके अलावा डिवीजन स्तर पर राजपत्रित पुलिस अफसरों की अलग से पेट्रोलिंग टीम निकलेगी। इस तरह से जिले में पुलिस की सवा सौ से ज्यादा पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी दौड़ेंगी।

### ड्रंक एंड ड्राइव पर सख्ती बरतने के निर्देश

नशेड़ी वाहन चालकों के खिलाफ एसएसपी ने पुलिस को होली के दो दिन पूर्व से कार्रवाई तेज करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशेड़ी वाहन चालकों के वाहन जब्त कर थाने में खड़े करने के साथ ही होली के बाद कोर्ट में चालान पेश करने निर्देश दिए हैं। साथ ही नशे की हालत में वाहन चलाने वालों को हिरासत में लेने के एसएसपी ने निर्देश दिए हैं।












आधी रात जयस्तंभ चौक पर हजारों ने मनाया जश्न, दिखी क्रिकेट के प्रति बेतहाशा दीवानगी

# इंडिया की जीत पर झूमा रायपुर

**क्रिकेट प्रेमियों ने जीत पर दीपावली की तरह सड़कों और घरों में आतिशबाजी की। रात 10 बजे के बाद जैसे ही चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में भारत की जीत निश्चित हुई, अलग अलग इलाकों से बाइक में सवार होकर युवक जयस्तंभ चौक पहुंच गए और सभी ने हिंदुस्तान जिंदाबाद के नारे लगाते हुए इस जीत को सेलिब्रेट किया।**

**रायपुर।** जयस्तंभ चौक पर 50 हजार से अधिक लोगों ने भारत की जीत का जश्न मनाया। रात 3 बजे तक युवाओं ने जयस्तंभ चौक पर ढोल- नगाड़े की थाप पर जमकर डांस किया और दोस्तों तथा परिजनों के साथ आतिशबाजी कर उत्सव मनाया। जयस्तंभ चौक पर युवकों की भीड़ से माहौल गरमा गया। चौक पर लंबा ट्रैफिक जाम लग गया। चौराहे के ऊपर खड़े होकर तिरंगा फहराते युवक भारत माता की जय जयकार करने लगे। आसपास के दो थानों से फोर्स बुलानी पड़ी। इसके बाद भीड़ को पुलिस काबू करती नजर आई। काफी देर तक चौराहे पर लोगों का जमघट लगा रहा और सभी भारत की जीत का जश्न मनाते रहे। रायपुर की सड़कों पर जीत का यह माहौल 29 जून को टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत की तरह रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के बाद फिर से देखने को मिला। जयस्तंभ चौक पर लोगों ने होली खेली। आतिशबाजी के साथ भारत की जीत पर जश्न मनाया।





### सड़क से लेकर घरों तक जश्न का माहौल

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत का जश्न आधी रात को सड़क से लेकर घरों तक दिखाई दिया। रात 12 बजे जयस्तंभ चौक पर भीड़ 50 हजार से अधिक पहुंच चुकी थी। पटाखों की गूंज और आतिशबाजी के बीच हर कोई जीत के जश्न में डूबा नजर आया। बच्चे व युवा टीम इंडिया की जर्सी पहनकर मैच देखने पहुंचे हुए थे। चारों तरह इंडिया.. इंडिया.. की गूंज ही सुनाई देती रही। हर कोई इस यादगार पल को कैमरे में कैद करता हुआ नजर आया।

### अंतिम बॉल तक डटे रहे क्रिकेट प्रेमी

शहर के कैफे के साथ ही कई बड़े होटल और मॉल में विशेष व्यवस्था की गई थी। यहां भारत की शानदार बैटिंग पर दर्शकों ने जमकर उत्सव मनाया। चौके-छक्के सहित न्यूजीलैंड की मिस फील्डिंग भी लोगों ने सेलिब्रेट की। होटलों में खाने की भी व्यवस्था की गई थी। रात 8 बजे से मैच के खत्म होने तक बड़ी संख्या में क्रिकेट प्रेमी स्क्रीन के सामने डटे रहे। जीत के बाद सड़क से लेकर दुकानों के बाहर लोगों ने जश्न मनाया।







### चेहरे पर टैटू और टीम इंडिया की जर्सी

फाइनल में जीत पर जहां जयस्तंभ चौक पर जश्न का माहौल था, वहीं सुबह होने तक सड़क में हर कोई जीत की खुशी मनाते हुए नजर आया। फाइनल के लिए लोगों ने एक दिन पहले ही अपने स्तर पर तैयारी कर ली थी। कुछ ने चेहरे पर टैटू बनवाए तो कुछ टीम इंडिया की जर्सी में नजर आए। होटलों में तिरंगा लिए यूथ पहुंचे। भारत की जीत पर दर्शकों ने पटाखे फोड़कर जश्न मनाया।







राजधानी में महिला समूह के आयोजनों में मचने लगी होली उत्सव की धूम

# राधा-कृष्ण के गीतों संग फूलों व गुलाल की होली, उत्सव की तर्ज पर होली मिलन

*रायपुर। रंगों का महापर्व जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, अलग-अलग समूह की महिलाएं इसे उत्सव का रूप देने में जुट गई हैं। राधा-कृष्ण के गीतों पर डांस करते हुए धूम-धमाका मचाने का सिलसिला होटलों में ही नहीं, बल्कि गार्डनों व मंदिरों में भी शुरू हो गया है। महिलाओं के साथ ही हर वर्ग के लोग शामिल होकर उत्सव की तर्ज पर होली मिलन समारोह का हिस्सा बन रहे हैं। इस कड़ी में 'जिंदगी ना मिलेगी दोबारा' ने महिला प्रतिभाओं का होटल में सम्मान भी किया। संस्था के इस आयोजन में चीफ गेस्ट महापौर मीनल चौबे के साथ सुंदरलाल शर्मा, सरिता दुबे, दीपक जायसवाल और भारतीय जीवन बीमा की अधिकारी सारिका शुक्ला शामिल हुईं।*



### आत्म निर्भरता के गुर सिखाए

*इसमें छत्तीसगढ़ में मिलेट मां के रूप में पहचान बनाने वाली कविता देव ने मुख्य वक्ता के रूप में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के गुर सिखाए। संस्था ने समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं का सम्मान भी किया। इनमें साहित्य के लिए सविता पाठक, चिकित्सा के लिए डॉ. संगीता तिवारी, सेवा के लिए नमिता शेष और कुटीर उद्योग के लिए सरिता शर्मा को सम्मानित किया गया। संस्था प्रमुख सुषमा तिवारी, ममता शर्मा, सुमन शर्मा ने योगदान दिया।*



### चुनिंदा सिंगर्स के गीतों की धूम

ऐश्वर्या जन सेवा समर्थन सोसाइटी ने भी डीडीनगर के शहनाई गार्डन में इस साल भी होली धमाका का आयोजन किया। संस्था की अध्यक्ष पूनम पांडे ने इसे उत्सव का रूप दिया। इसमें लोगों ने होली के गीत-संगीत से सजे उत्सव में पर्व का एहसास किया। बच्चों के साथ ही रायपुर के चुनिंदा सिंगर्स ने होली गीतों की प्रस्तुति के साथ डांस भी किया। इसे सुनने और देखने के लिए बड़ी संख्या लोग पहुंचे। होली धमाका में खुशनुमा माहौल के बीच गुलाल भी उड़ाया गया।



## गोपाल मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ खेली फूलों की होली

**रायपुर।** आज बिरज में होरी रे रसिया..होलिया में उड़ै रे गुलाल...श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा...वृंदावन और बनारस की तर्ज पर शहर के कृष्ण मंदिरों में होली उत्सव मनाया जा रहा। रविवार को सदर बाजार स्थिति गोपाल मंदिर में फूलों की होली खेली गई। इस अवसर पर श्रद्धालु भजनों की धुन पर झूमते-गाते नजर आए। इस दौरान भक्तों पर फूल बरसाए गए। मंदिर परिसर में प्रतिमाओं का श्रृंगार श्वेत वस्त्र और स्वर्ण के आभूषणों से किया गया। होली के दौरान भव्य रूप से मंदिर प्रांगण को सजाया जाएगा।वहीं, जिससे पूर्व टेसू के फूल से विशेष गुलाल तैयार किया जा रहा।



### होली और रंग पंचमी में भव्य आयोजन

*शहर स्थिति राधा-कृष्ण मंदिरों में होली उत्सव मनाया जा रहा, जिसमें रंग पंचमी और होली के दिन भक्तों की भीड़ देखने को मिलेगी। इस वर्ष 14 मार्च को उत्सव मनाया जाएगा, जिसके लिए प्राकृतिक फूलों और पत्तियों से गुलाल तैयार किया जा रहा है। गोपाल मंदिर में महिला समूह द्वारा होली फाग गीत का आयोजन किया जा रहा, जिसमें मंदिर के सदस्य एवं महिला समूह की उपस्थिति देखने को मिली। मंदिर के सदस्यों ने बताया कि होली के दिन रंगों के साथ होली खेली जाएगी, जिसके बाद रंग पंचमी में भव्य रूप से होली महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।*

### तराना ग्रुप के गीतों ने जमाया रंग

इसमें पार्षद आशु चंद्रवंशी, रामचंद्र साहू, लोक राम साहू, महुआ मजूमदार, डिंपल खान, कविता वर्मा, हेमलता साहू शामिल हुईं। इनके बीच तराना ग्रुप के कैलाश, राज वर्मा, सुपर स्टार राज साहू ने होली धमाका को उत्सव जैसे सजाया। इसमें प्रमुख रूप से विकास अग्रवाल, सुरेश शुक्ला, प्रीति पांडे और ललित सेठिया ने शामिल होकर आयोजन को गरिमामय बनाया। गीत-संगीत पर लोगों ने डांस करते हुए माहौल को खुशनुमा बनाने का सुंदर प्रयास किया।

**धर्म लाइव**

## 23 मार्च को इंडोर स्टेडियम में मनोकामना सिद्ध 2121 बहराणा साहब का भव्य आयोजन



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा 2121 बहराणा साहब का भव्य आयोजन 23 मार्च को इनडोर स्टेडियम रायपुर में किया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष महेश दरयानी और प्रदेश प्रवक्ता सुभाष बजाज ने बताया कि पूरे प्रदेश में पंजीयन के लिए स्थल तय किए गए हैं। इच्छुक समाजजन जो भी बहराणा साहब के माध्यम से अपनी मनोकामना सिद्धि या भगवान झूलेलाल की पूजा-अर्चना करना चाहते हैं, वे इन स्थानों पर अपना पंजीयन करवा सकते हैं। पंजीयन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जा रहा है। निर्धारित लक्ष्य पूरा होते ही पंजीयन बंद कर दिया जाएगा। पंजीयन के इच्छुक प्रतिभागी अपने क्षेत्र की पंचायत के अध्यक्ष, समाज की स्वयंसेवी संस्थाओं और समाजसेवियों से संपर्क करके पंजीयन सुरक्षित करवा सकते हैं। साथ ही, छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के प्रधान कार्यालय, तेलीबांधा में आकर भी पंजीयन किया जा सकता है। प्रदेश से बाहर पंजीयन करवाने के इच्छुक समाजजन अपने-अपने शहर की पंचायत के मुखिया और अध्यक्षों से संपर्क कर अपना पंजीयन करवा सकते हैं।

### बैठक में बनाई रूपरेखा

छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत प्रधान कार्यालय तेलीबांधा में आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी भव्य धार्मिक आयोजन की तैयारियों पर चर्चा की गई। इसमें कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गई और विभिन्न कार्यों के लिए जिम्मेदार प्रभारी बनाए गए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 2121 पूजा थाल व्यवस्था की जिम्मेदारी राजा बजाज, शोभायात्रा व्यवस्था के लिए पहलाद खेमानी, भंडारा व्यवस्था प्रहलाद शादीजा, पंजीयन व्यवस्था महेश रोहरा, झामनदास बजाज, मंच व्यवस्था कैलाश बालानी और अतिथि आमंत्रण व्यवस्था महिला विंग भावना कुकरेजा तथा युवा विंग विकास रूपरेला को दी गई है।

**महामाया मंदिर के सत्संग भवन में दोबारा घर बसाने के लिए दिया परिचय**

# जिंदगी की गाड़ी अकेले नहीं चलेगी, साथी की तलाश में अब बेटे-बेटियों के माता-पिता

'हालात चाहे अच्छे हो या बुरे ही क्यों न हो, जिंदगी की गाड़ी अकेले नहीं चलती है। इसका एहसास ही दुख देने वाला होता है। इसलिए, हर वर्ग की महिलाओं और पुरुषों ने दोबारा घर बसाने का मन बनाया है। जीवन साथी की तलाश में बेटे-बेटियों के माता-पिता भी रायपुर ब्राइट फाउंडेशन के इस आयोजन में पहुंचे। साथ ही साथी तलाशने विधवा, विधुर और तलाक लेने वाले भी परिचय सम्मेलन का हिस्सा बने।'

**रायपुर।** पति-पत्नी के बीच होने वाली अनबन से विवाह का पवित्र बंधन जीवन भर साथ नहीं चल पाता और दोनों की अधूरी जिंदगी में अंधेरा छा जाता है। इन कठिनाइयों से निजात दिलाने के लिए आयोजन किया गया। लोगों के जीवन में एक बार फिर से खुशियों का उजाला लाने के लिए यह प्रयास इस रविवार को रायपुर ब्राइट फाउंडेशन की ओर से किया गया। सभी जाति और समाज की विधवा, विधुर के साथ ही वैध तलाकशुदा महिलाएं और पुरुष पुनर्विवाह के लिए महामाया मंदिर सत्संग भवन हाल में आयोजित परिचय सम्मेलन में बतौर प्रतिभागी शामिल हुए।






### 408 ने दिया परिचय, 28 रिश्ते तय

सम्मेलन में जहां 408 महिलाओं और पुरुषों ने फिर से गृहस्थी बसाने के लिए बेबाकी से परिचय दिया। वहीं, इनमें से 28 रिश्ते सम्मेलन में तय हुए। वहीं, 34 के बीच रिश्तों की बातचीत शुरू हुई। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने इस आयोजन को सफल बनाने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि परिचय के बीच पाया गया कि कम उम्र में किसी का पति चल बसा, तो किसी की पत्नी साथ छोड़ गई। छोटी-छोटी कहा-सुनी, अहंकार से परिवार में क्लेश होने से तलाक लेने की स्थिति बनी।

### रिश्ते को सफल बनाने का प्रयास करें

मुख्य अतिथि के रूप में दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुनील सोनी ने कहा कि शादी के समय सभी शपथ लेते हैं कि हम जन्मों तक एक-दूजे का साथ निभाएंगे, फिर भी किन्हीं कारणों से बीच में रिश्ता टूट जाता है। अब आगे का जीवन सफल बनाने के लिए दोबारा अवसर मिला है। सभी से आग्रह है कि भविष्य में एक-दूसरे के जीवन को खुशहाल बनाने का संकल्प लेकर यहां से लौटें। निगम के पूर्व सभापति प्रमोद दुबे, एससी. कमिशन के अध्यक्ष के.पी. खण्डे, पूर्व अपर आयुक्त डॉ. जे. आर. सोनी और सदर बाजार के पार्षद मुरली शर्मा ने सभी को संबोधित किया।

### 58 से 70 साल के पुरुष भी पहुंचे

इस सम्मेलन में विधुर और तलाकशुदा पुरुष भी हिस्सा बने। इनमें 58 वर्षीय राधेलाल सहारे, रायपुर के 63 वर्षीय एसपी गुप्ता, कोंडागांव के 62 वर्षीय बुधमन राम ने बताया कि कोई बात करने वाला भी नहीं, कोई तकलीफ भी नहीं सुनता है। बुलंद शहर उत्तर प्रदेश के 62 वर्षीय चंद्रवीर सिंह, शिवपुरी मध्य प्रदेश के 60 वर्षीय वृंदावन सोनी, भिलाई के 70 वर्षीय अजीत दत्ता ने भी अपनी पीड़ा बयां की।

### सम्मेलन में महिलाओं की व्यथा

- भोपाल की 34 वर्षीय उमा पाठक ने बताया कि मेरा एक 15 वर्ष का बेटा है। पति नशे में मारपीट करते थे। इस कलह से छुटकारा पाने के लिए तलाक लिया।
- चांपा निवासी 30 वर्षीय अदिति विश्वकर्मा मतभेद के कारण ही तलाक लेने की बात कही। बताया कि घुट-घुट कर जीने से बेहतर अलग होना ही उचित लगा।
- भिलाई की 33 वर्षीय वर्षा सोनी ने बताया कि पति मारपीट व लड़ाई-झगड़ा करते थे, इसलिए तलाक लेने की स्थिति बन गई। अब दोबारा घर बसाने के लिए आई हूं।
- गुढ़ियारी से आई 37 वर्षीय पूनम पवार ने बताया कि मेरी एक बेटी भी है। उन्होंने आपसी अनबन और पति को गैर जिम्मेदार होने से रिश्ता टूटने की बात कही।
- शहर की 44 वर्षीय दमयंती देवता की 24 वर्ष की बेटी है, उन्होंने प्रताड़ना से तंग आकर तलाक देने की बात कही। बताया कि इस वजह से रोज विवाद होते थे।
- दल्लीराजहरा से आई 29 वर्षीय लीना लेनपांडे का एक 9 साल का बेटा भी है। पति शराब के नशे में मारपीट करते थे, इस कारण तलाक देने की नौबत आई।
- 37 वर्षीय विधवा लता सेन ने बताया कि उनकी एक बेटी और दो बेटे हैं। पति की बीमारी से मौत होने से दोबारा घर बसाने परिचय देने आई हूं।

**समाज लाइव**

## हाईवे पेट्रोलिंग और ट्रैफिक पुलिस को दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण




**रायपुर।** हाईवे पेट्रोलिंग और ट्रैफिक पुलिस कर्मियों के लिए फेडरेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट और मुद्रिका हेल्थकेयर के संयुक्त तत्वावधान में सड़क दुर्घटना में पीड़ित व घायल व्यक्ति को प्रारंभिक चिकित्सा सहायता प्रदान करने प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें अमेरिकन हेल्थ एंड सेफ्टी इमरजेंसी ट्रॉमा के सर्टिफाइड ट्रेनर डॉ. कदीरमन मूर्ति ने 35 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया। इस प्रशिक्षण में सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति के लिए प्रारंभिक जांच से लेकर सीपीआर और एम्बुलेंस में शिफ्ट करने तक की सभी सावधानियों और प्रक्रियाओं को बारीकी से समझाया गया।

### पुलिसकर्मियों को गंभीर सवालों के जवाब भी दिए

प्रशिक्षक ने पुलिसकर्मियों को गंभीर सवालों के जवाब भी दिए, जिससे कई दुविधाओं का समाधान हुआ। कार्यक्रम में फेडरेशन ऑफ स्किल डेवलपमेंट के डॉ. एस. एन. मढ़रिया और डॉ. नलिनी मढ़रिया, रायपुर के आई.जी. ट्रैफिक संजय शर्मा, मुद्रिका हेल्थकेयर से रोहित श्रीवास्तव और डॉ. आकांक्षा यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति के सम्मान में नतमस्तक हुआ शहर

## महिला दिवस पर शहर में विभिन्न संस्थानों ने महिलाओं का किया सम्मान

**रायपुर।** महिला दिवस के अवसर पर रविवार को रायपुर शहर में विभिन्न संस्थाओं द्वारा महिला सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस खास मौके पर महिलाओं ने अपने अनुभव साझा किए और जीवन की चुनौतियों एवं संघर्षों के बारे में बताया। इस आयोजन के माध्यम से समाज में नारी की ताकत को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया गया। नारी के सम्मान में सामाजिक संस्थाओं के साथ पूरा शहर नतमस्तक हुआ। यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं की उपलब्धियों को सराहने का अवसर था, बल्कि समाज में उनके योगदान को भी मान्यता देने की एक कोशिश थी।



### कविता कुंभ के साथ नारी शक्ति का भी सम्मान

छत्तीसगढ़ मित्र, छत्तीसगढ़ साहित्य व संस्कृति संस्थान और जय जोहार साहित्य संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में युवा कविता कुंभ और नारी शक्ति सम्मान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि वरिष्ठ आईपीएस डॉ. रतनलाल डांगी ने कहा कि छत्तीसगढ़ सार्थक कविताओं का गढ़ है। समारोह की अध्यक्षता मैट्स विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. के.पी. यादव ने की। साहित्यकार गिरीश पंकज ने कहा कि कविता कभी बूढ़ी नहीं होती और राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत कविता देश को मजबूत बनाती है।



### बैंक ऑफ इंडिया में मनाया गया महिला दिवस

बैंक ऑफ इंडिया, रायपुर अंचल ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस धूमधाम से मनाया। इस विशेष अवसर पर बैंक ने महिलाओं के लिए एक फ्री हेल्थ चेक-अप कैम्प का आयोजन किया। यह स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रम राम कृष्ण हॉस्पिटल की सीनियर डॉक्टर की उपस्थिति में आयोजित किया गया। बैंक की आंचलिक प्रबंधक सुश्री गायत्री कंपा ने इस कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया।



### हनुमान चालीसा पाठ कर मनाया महिला दिवस

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस शनिवार को होने के कारण महाराष्ट्र मंडल की आध्यात्मिक समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को होने वाला रामरक्षा स्रोत और हनुमान चालीसा पाठ का उत्साह दोगुना हो गया। सभी केंद्रों में महिलाओं की उपस्थिति इसी वजह से अधिक रही। नियमित पाठ के साथ महिलाओं ने अपने- अपने केंद्र में महिला दिवस सेलिब्रेट किया और अपने हुनर का प्रदर्शन करते हुए एक- दूसरे को बधाई दी।



### 25 जिलों से पहुंचीं महिलाएं

लावण्या फाउंडेशन द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में 'वूमनिया' का आयोजन किया गया। यहां विभिन्न जिलों से चुनी हुई 51 महिलाओं का सम्मान किया गया। पूरे प्रदेश के लगभग 20 से 25 जिलों से महिलाएं कार्यक्रम में पहुंचीं। इसमें कुछ ऐसी संस्थाओं का भी सम्मान किया गया जो महिलाओं द्वारा संचालित हैं और वर्षों से समाज में योगदान दे रही हैं।



### महिलाओं के सशक्तीकरण पर चर्चा

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय रायपुर के महिला उत्पीड़न निवारण प्रकोष्ठ एवं अधिष्ठाता छात्र कल्याण के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर 'एक विशेष संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के सशक्तीकरण, उनकी उपलब्धियों का सम्मान और समाज में उनकी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरितिमा महिला समिति की अध्यक्ष श्रीमती ममता चंदेल उपस्थित थीं।



### योग प्रशिक्षकों का सम्मान

पंजाबी सनातन सभा द्वारा योग प्रशिक्षिका, प्रदेश की पहली महिला धुमाल ग्रुप, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्यरत महिलाओं का सम्मान किया गया। शहर स्थित बापू की कुटिया में महिलाओं के लिए विशेष प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं को भी सम्मानित किया गया। साथ ही सर्टिफिकेट वितरण किया गया। छत्तीसगढ़ योग आयोग की ओर से योग संबंधित जानकारी भी दी गई।



### महिला अधिकारी उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास रायपुर में आयोजित 'महतारी वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के जनसंपर्क विभाग की महिला अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने जनसंपर्क विभाग की अपर संचालक हर्षा पौराणिक, संयुक्त संचालक अंजू नायक, उप संचालक श्रुति ठाकुर, सहायक संचालक डॉ. दानेश्वरी संभाकर, सहायक संचालक संगीता लकड़ा, सहायक सूचना अधिकारी वर्षा ठाकुर को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया।



### महिला पत्रकार हुई सम्मानित

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में 'महतारी वंदन अभिनंदन' कार्यक्रम का भव्य और गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिला पत्रकारों को सम्मानित किया और महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। 60 से अधिक महिला पत्रकारों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि महिला पत्रकारों की सक्रिय भागीदारी और निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र को सशक्त बनाने में सहायक है।

## तुलसीदास जी सनातन का अमृत कलश हमें सौंप गए, राम-सीता का मिलन ही श्रृंगार रस

**रायपुर।** हम सबके लिए यह गौरव का विषय है कि श्रीरामचरित मानस अब वैश्विक विधि है। जब यूनेस्को ने स्वीकार कर लिया तो हम सनातनी होकर अगर राम के गुणों को नहीं जान पाए तो इससे बड़ा दुर्भाग्य क्या होगा। क्योंकिए कई ग्रंथों और साहित्यों में इसका उल्लेख है। गोस्वामी तुलसीदासजी तो 500 साल पहले लिखकर देवगमन को गए, लेकिन जाने से पहले हमें अमृत कलश सौंप गए हैं। श्रृंगाररस को गोस्वामी ने खत्म नहीं किया, बल्कि भगवान श्रीराम और सीता के मिलन को केन्द्र बनाया और विदेह को भूमिका के रूप में चुना। उक्त बातें सिंधु भवन में जारी श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ में मानस मर्मज्ञ मंदाकिनी दीदी ने कहीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेह में श्रृंगार सुनकर आश्चर्यचकित होने की जरूरत नहीं है।





### इससे बढ़कर देह में श्रृंगार नहीं

उन्होंने कहा कि विश्व का साहित्य पढ़ लीजिए, कहीं विदेह में श्रृंगार का जिक्र नहीं किया है। गोस्वामी कहते हैं कि विदेह में श्रृंगार का समावेश तब होता है, जब वह देह से जुड़ जाए। इससे बढ़कर देह में श्रृंगार नहीं, बल्कि सूक्ष्मता का उत्तम रूप जोड़ा है। जितना सुगमता से व्यक्ति सूक्ष्मता में प्रवेश करता है और अंतर में जो सबसे छोटा परमाणु होता है, जिससे सारी सृष्टि बनी है, वह सबसे शक्तिशाली माना जाता है। जिस भूमि में प्रवेश करके ब्रम्ह में रस का संचार हुआ, जहां ब्रम्ह के हृदय में काम का अवतरण हुआ है, उसका जिक्र भी है।

### प्रतिदिन पांच दोहे पढ़ने चाहिए

पुष्प वाटिक प्रसंग पर बताया कि विदेह वाटिका का आनंद तब ले सकते हैं, जब देह वाटिका की पृष्ठभूमि हो। जनक की वाटिका का उल्लेख गोस्वामी ने मानस में जानबूझकर नहीं किया है, नहीं लिखकर भी संदेश दिया है कि जिसे महाराजश्री ही समझ पाए। नाम और रूप दोनों देह से जुड़े हैं। जब शरीर है तो देह का नाम और रूप होता है, लेकिन यहां तो विदेह है। विदेह में नाम कैसे हो सकता है, इसलिए जनक की वाटिका विदेह है। इसलिए, उसका नाम ही नहीं लिखा। हमें नित्य प्रतिदिन रामचरित मानस का पांच दोहा जरूर पढ़ना चाहिए।

### जो शरणागत होते हैं प्रभु उनके साथ

प्रभु राम के स्वागत में सभी पक्षी गायन करने लगे, लेकिन मोर ने जब राम को देखा तो वह आनंदित होकर नाचते हुए सब कुछ भूल गया। नाचते-नाचते ही एक पंख गिर गया। उस पंख को लक्ष्मण ने उठा लिया और भगवान के सिर पर लगा दिया। लेकिन, प्रभु ने जातक का पंख अपने माथे पर नहीं बांधा। राम ने किसी का पक्ष ग्रहण नहीं किया। प्रभु कहते हैं कि तुम अपना पक्ष पकड़े रहे तो हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमें तुम्हारी कोई जरूरत नहीं है। जो अपना पक्ष त्याग कर समर्पित और शरणागत हो जाता है, प्रभु उसका पक्ष जरूर लेते हैं।




## हेल्थ टिप्स

### इन योगासनों से सेहत रहेगी दुरुस्त और बीमारियों से होगा बचाव



महिलाएं अपनी सेहत का ध्यान रखने की शुरुआत सुबह से जरूर करें। एक्सपर्ट के बताए इन योगासनों को अगर आप रूटीन में शामिल करेंगी, तो कई बीमारियां आपसे दूर रहेंगी। सेहमंतद रहने के लिए, सही डाइट के साथ, हेल्दी लाइफस्टाइल भी बहुत जरूरी है। खान-पान का सही होना, सही समय पर सोना-जागना और तनाव से दूर रहना समेत कई ऐसी चीजें हैं, जो आपको सेहतमंद रहने में मदद कर सकती हैं। महिलाएं अक्सर अपनी सेहत और इससे जुड़ी दिक्कतों को नजरअंदाज कर देती हैं। लेकिन, इस विमेंस डे आप अपनी हेल्थ को आगे रखना शुरू कीजिए। इसके लिए जरूरी है कि आप हेल्दी डाइट लें और साथ ही, कुछ खास योगासनों को रूटीन में शामिल करें। योग में महिलाओं की कई मुश्किलों का हल छिपा है। फर्टिलिटी सुधारने, वजन कम करने, डाइजेशन को दुरुस्त रखने और मेंटल हेल्थ को बेहतर बनाने में योगासन काफी मदद कर सकते हैं। यहां हम आपको 3 ऐसे योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें रोजाना 10 मिनट करने से महिलाओं को बहुत फायदा होगा। इस बारे में योगा एक्सपर्ट नताशा कपूर जानकारी दे रही हैं। वह सर्टिफाइड योगा टीचर हैं।

#### सुखासन



यह सबसे आसान है लेकिन इसके फायदे बहुत हैं। मेंटल हेल्थ सुधारने से लेकर बॉडी पॉश्चर को बेहतर बनाने तक इस आसन के कई फायदे हैं। सबसे पहले योगा मैट पर पैरो को आगे की तरफ फैलाकर बैठें। पैरों को क्रॉस करते हुए अंदर की तरफ मोड़ें। घुटनों बाहर की तरफ होने चाहिए। आसान शब्दों मे समझें तो आपको पालथी मारकर बैठना है। आपकी रीढ़ की हड्डी एकदम सीधी होनी चाहिए और घुटने जमीन को छूने चाहिए। आंखों को बंद रखें और शरीर को रिलैक्स रखें। इस दौरान आपको गहरी सांस लेनी है। इसे करने से थकान कम होती है और बॉडी पॉश्चर सुधरता है। यह आसन मानसिक थकान को दूर कर, मन को शांत करता है। इससे शरीर फ्लेक्सिबल होता है और कमर दर्द दूर होता है। इससे डाइजेशन दुरुस्त होता है और दिमाग भी शांत होता है।

#### वज्रासन

यह आसन, डाइजेशन को सुधारने और पेट की चर्बी को कम करने में फायदेमंद है। इसे करने के लिए सबसे पहले योगा मैट पर घुटनों के बल बैठ जाएं। आपके हिप्स, एड़ियों पर टिके हुए होने चाहिए और पैर एक-दूसरे से दूर होने चाहिए। रीढ़ की हड्डी को एकदम सीधा रखें। धीरे-धीरे सांस लेना है और छोड़ना है। हथेलियों को अपनी जांघों पर रखें। इस पोजिशन को कुछ देर होल्ड करें। इस आसन को करने से पाचन से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं। इससे बीपी भी मैनेज होता है और दिल की बीमारियां दूर रहती हैं। इसे करने से स्ट्रेस और एंग्जायटी दूर होती है और मन शांत होता है। इसे करने से यूरिनरी सिस्टम ठीक रहता है और यूटीआई से बचाव होता है। इससे पैरों और घुटनों के दर्द में भी आराम मिलता है।

#### तितली आसन



यह आसन महिलाओं के लिए बेहद फायदेमंद है। यह पीरियड्स से जुड़ी दिक्कतों को दूर करके फर्टिलिटी को मजबूत करने में मदद करता है। सबसे पहले आपको सुखासन में बैठना है। आपके दोनों तलवे एक-दूसरे से छूने चाहिए और एड़िया अंदर की तरफ होनी चाहिए। अब सांस अंदर लें और हाथों को घुटनों के ऊपर रखें। अब आपको सांस छोड़ते हुए घुटनों को ऊपर ले जाना है और सांस लेते हुए फिर इन्हें नीचे लाना है। इसे 25-30 बार दोहराएं। इससे शरीर में हार्मोनल बैलेंस बना रहेगा और बेली फैट कम होगा। इससे रिप्रोडिक्टिव ऑर्गन्स में खून का दौरान अच्छा रहता है और फर्टिलिटी से जुड़ी दिक्कतें दूर होती हैं। इस आसन को रोजाना करने से थकान और तनाव दूर होता है।

महिलाएं रोजाना 10 मिनट इन योगासनों का अभ्यास करके, सेहतमंद रह सकती हैं। अगर आपको स्वास्थ्य से जुड़ी कोई समस्या है, तो हमें आर्टिकल के ऊपर दिए गए कमेंट बॉक्स में बताएं। हम अपने आर्टिकल्स के जरिए आपकी समस्या को हल करने की कोशिश करेंगे।

## मातृशक्ति में खून की कमी एक बड़ी चुनौती

# 57 फीसदी महिलाओं में देखी जाती है सेहत से जुड़ी गंभीर समस्याएं, समय रहते उपचार करवाएं और पाएं राहत

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, भारत में 15-49 वर्ष की आयु की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया यानि खून की कमी का खतरा रहता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में एनीमिया अधिक आम है। लैंगिक समानता, महिलाओं के अधिकार और महिलाओं के खिलाफ हिंसा और दुर्व्यवहार जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ महिलाओं की सेहत पर ध्यान देना आज बेहद महत्वपूर्ण हो जाता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में कई प्रकार की बीमारियों, पोषक तत्वों की कमी और स्वास्थ्य जटिलताओं का जोखिम अधिक होता है। महिलाएं अपनी दिनचर्या, हार्मोनल बदलाव और शरीर की संरचना के कारण कुछ बीमारियों को लेकर विशेष संवेदनशील होती हैं। लिंग आधारित इन समस्याओं के बारे में जानना और कम उम्र से ही इसको लेकर बचाव के उपाय करते रहना बहुत आवश्यक हो जाता है। भारत में एनीमिया एक आम समस्या है, खासकर प्रजनन आयु की महिलाओं में। एनीमिया के कारण कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याओं का जोखिम बढ़ जाता है। यही कारण है कि कम उम्र से ही सभी महिलाओं को इसके बारे में जानना और बचाव के लिए उपाय शुरू कर देना जरूरी है।



### 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया का खतरा

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के अनुसार, भारत में 15-49 वर्ष की आयु की 57 फीसदी महिलाओं में एनीमिया का खतरा रहता है। पुरुषों की तुलना में महिलाओं में एनीमिया अधिक आम है। ग्रामीण और अशिक्षित महिलाओं में ये समस्या और अधिक देखी जाती है। मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान आयरन की कमी, अपर्याप्त पोषण इसका प्रमुख कारण है।



एनीमिया तब होता है जब शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर सामान्य से कम हो जाता है। हीमोग्लोबिन एक प्रोटीन है जो लाल रक्त कोशिकाओं में पाया जाता है और यह शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाने में मदद करता है। आयरन की कमी महिलाओं में एनीमिया का सबसे बड़ा कारण है।

### गंभीर समस्याओं का कारण बन सकता है एनीमिया

स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 की कमी के कारण भी एनीमिया होने का जोखिम काफी बढ़ जाता है। इसके अलावा गर्भावस्था के दौरान महिला के शरीर को शिशु के विकास के लिए अधिक पोषक तत्वों की आवश्यकता होती है। यदि इस दौरान आयरन, फोलिक एसिड और विटामिन बी12 की पूर्ति न की जाए, तो एनीमिया हो सकता है। एनीमिया की स्थिति प्रजनन क्षमता में कमी, गर्भावस्था में समय से पहले प्रसव, नवजात शिशु का वजन कम होने और मानसिक और शारीरिक विकास में बाधा जैसी दिक्कतें बढ़ा सकती है।

### एनीमिया से बचाव के लिए क्या करें?

एनीमिया से बचाव के लिए कम उम्र से ही आहार में सुधार करना जरूरी हो जाता है। इसके लिए संतुलित आहार का सेवन



करें। आयरन युक्त चीजें हरी पत्तेदार सब्जियां (पालक, मेथी), चुकंदर, अनार जरूर खाएं। प्रोटीन युक्त आहार जैसे दालें, सोया, दूध, अंडे का सेवन करें। फोलिक एसिड और विटामिन बी12 के लिए हरी सब्जियां, दालें, मांस, दूध को आहार में शामिल कर सकती हैं। विटामिन-सी वाली चीजें जैसे नींबू, संतरा, आंवला को आहार में शामिल करें। विटामिन-सी आयरन के अवशोषण में मदद करता है।

### महिलाओं को इन बीमारियों का भी रहता है खतरा

स्तन कैंसर के मामले दुनियाभर में तेजी से बढ़ते जा रहे हैं। महिलाओं में होने वाला ये सबसे आम कैंसर है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 20 लाख महिलाएं स्तन कैंसर का शिकार पाई जा रही हैं।

# ठंडा पानी देने के साथ पैसों में बरकत भी करता है मिट्टी का घड़ा

ज्योतिष और वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में सही दिशा में रखा मिट्टी का घड़ा आर्थिक समृद्धि लाता है और नकारात्मक ऊर्जा दूर करता है। कई प्राचीन मान्यताओं और धार्मिक ग्रंथों में मिट्टी के घड़े के महत्व को विस्तार से बताया गया है। आइए पंडित मनीष शर्मा से जानते हैं कि यह घड़ा आपके जीवन में आर्थिक रूप से कैसे उन्नति ला सकता है।

कभी भी मिट्टी का घड़ा दक्षिण दिशा में न रखें। ऐसा करनें से आपको धन हानि हो सकती हैं। रखने से धन हानि होने की संभावना बढ़ सकती है। दक्षिण दिशा का संबंध मंगल ग्रह से होता है। यह दिशा दिशा अग्नि प्रधान होती है। इस दिशा में लक्ष्मी नहीं बल्कि अलक्ष्मी का वास होत है।

अगर आपकी कुंडली में मंगल, राहु या शनि दोष है, तो मिट्टी के घड़े में रखा पानी पीने से इन दोषों के बुरे प्रभाव कम हो सकते हैं। ज्योतिष में यह बताया गया है कि मिट्टी का संबंध मंगल ग्रह से होता है, और यदि मंगल ग्रह अशुभ स्थिति में हो, तो यह जीवन में धन हानि और आर्थिक संकट ला सकता है। ऐसे में, मिट्टी के घड़े का नियमित रूप से उपयोग करना शुभ फलदायक साबित हो सकता है। इस बात का ध्यान रखें कि मिट्टी के घड़े में पानी ही रखें। इसमें कुछ रखना भी आपके मंगील को प्रभावित कर सकता है।


हर रोज घड़े का पानी बदलें। आप घड़े को जितना



साफ रखेंगी उतनी ही बरकत होगी। यदि आपका घड़ा गंदा रखती हैं या फिर उसका पानी नहीं बदलती हैं तो धन नहीं रुकता होता है और नए अवसरों के द्वार भी नहीं खुलते हैं। शनिवार को घड़े के पानी में में गंगाजल मिलाकर रखना चाहिए। इससे भी देवी लक्ष्मी प्रसन्न होती हैं। यदि घर में आर्थिक तंगी चल रही है या फिर कोई डिप्रेशन में है तो आपको उसे घड़े का पानी पीने की सलाह देना चाहिए।

## बार-बार दाल-चावल में लग जा रहे हैं कीड़े, करें ये आसान किचन उपाय

अच्छे से रखरखाव करने के बाद भी मसालों में कीड़े लग ही जाते हैं। ऐसे में हर हफ्ते महिलाओं को लगातार अपने



किचन का सामान चेक करना पड़ता है कि कहीं वो खराब तो नहीं हो गए हैं। आज की इस खबर में हम आपको उन तरीकों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसे अपनाने से आपके किचन में दाल-चावल और मसालों में कीड़े नहीं लगेंगे।

**एयर टाइट कंटेनर का करें यूज:** अगर आपने अपने मसालों और दाल चावल जैसी चीजों को प्लास्टिक के कंटेनर में स्टोर किया है तो इसे तुरंत बदलिए। प्लास्टिक के कंटेनर की जगह आप एयर टाइट डिब्बे ले आएं और दाल-चावल जैसी चीजों को ऐसे डिब्बों में स्टोर करिए। इससे कीड़े लगने के चांसेज काफी कम होते हैं।

**लहसुन की कली का करें इस्तेमाल:** अगर तमाम उपायों के बाद भी आपकी दाल में कीड़े लग रहे हैं तो आप लहसुन की 4-5 कलियां अपने कंटेनर में रख दीजिए। अगर यह सूख जाते हैं तो उन्हें निकालकर ताजी लहसुन की कलियां रखें। इससे आपकी दाल कीड़ों से मुक्त रहती है। यह घरेलू नुस्खा बहुत कारगर है।

**दाल में डालें लौंग:** लौंग न सिर्फ किसी भी खाने का स्वाद बढ़ाने में मदद करती है बल्कि दाल में कीड़े लगने से भी बचाती है। दाल में 8-19 लौंग रख कर एयर टाइट जार को अच्छे से बंद कर लें।



## बच्चों पर इन कामों का न बनाएं दबाव, होता है दिल-दिमाग पर असर

बच्चे सहज, खुश और स्वस्थ रहें ताकि वे पूरे दिन सकारात्मक महसूस कर सकें। यहां 10 ऐसी चीजों के बारे में बताया जा रहा है जिन्हें माता-पिता को बच्चों पर सुबह जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए।

एक अच्छी सुबह पूरे दिन आपको ऊर्जावान और तनावरहित रखती है। बड़े ही नहीं बच्चे भी एक अच्छी सुबह के हकदार होते हैं। सुबह का समय बच्चों के लिए भी महत्वपूर्ण होता है। यह उनके पूरे दिन के मूड और ऊर्जा को प्रभावित करता है। माता-पिता अक्सर जल्दबाजी में कई ऐसी चीजें करने का दबाव डालते हैं जो बच्चों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर नकारात्मक असर डाल सकती हैं। ऐसे में जरूरी है कि बच्चे सहज, खुश और स्वस्थ रहें ताकि वे पूरे दिन सकारात्मक महसूस कर सकें। यहां 10 ऐसी चीजों के बारे में बताया जा रहा है जिन्हें माता-पिता को बच्चों पर सुबह जबरदस्ती नहीं थोपना चाहिए।

### अचानक नींद से जगा देना

बच्चों को झटके से उठाने से उनकी नींद प्रभावित होती है और वे चिड़चिड़े हो सकते हैं। बेहतर होगा कि उन्हें धीरे-धीरे उठने का समय दिया जाए ताकि वे मानसिक और शारीरिक रूप से दिन के लिए तैयार हो सकें।

### जल्दी-जल्दी नाश्ता कराना



सुबह का नाश्ता पूरे दिन के लिए सबसे महत्वपूर्ण भोजन होता है। यदि बच्चों पर जल्दी खाने का दबाव डाला जाए, तो वे ठीक से खाना नहीं खा पाएंगे या भूखे रह सकते हैं। उन्हें आराम से और शांति से नाश्ता करने दें।

### सुबह की दिनचर्या में जल्दबाजी

सुबह की दिनचर्या में नहाना, ब्रश करना और तैयार होना शामिल होता है। लेकिन यदि बच्चों को जल्दबाजी में इन सभी कार्यों को करने के लिए मजबूर किया जाए, तो वे चिड़चिड़े और तनावग्रस्त हो सकते हैं। उन्हें पर्याप्त समय दें ताकि वे खुद को सही तरीके से तैयार कर सकें।

### स्ट्रिक रूटीन का पालन कराना

हालांकि बच्चों के लिए एक रूटीन जरूरी है, लेकिन बहुत ज्यादा सख्ती करने से वे दबाव महसूस कर सकते हैं। बच्चों को लचीलेपन के साथ दिनचर्या अपनाने दें ताकि वे सहज महसूस करें।

### गंभीर बातचीत करना

सुबह का समय बच्चों के लिए खुशहाल और सकारात्मक होना चाहिए। यदि माता-पिता सुबह ही किसी गंभीर या डांटने वाली बातों में उलझा दें, तो यह उनके पूरे दिन के मूड को खराब कर सकता है।

### पानी को नजरअंदाज करना

सुबह उठते ही शरीर को हाइड्रेट करना बहुत जरूरी होता है। कई माता-पिता बच्चों को सीधे नाश्ता करने के लिए कहते हैं, लेकिन पहले एक गिलास पानी पीने की आदत डालना सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## परदे पर 'जेम्स बॉन्ड' को जीने वाले क्रेग का फिल्मी सफर रहा है एडवेंचर से भरा



जेम्स बॉन्ड के नाम से मशहूर अभिनेता डेनियल क्रेग पिछले तीन दशक से इंडस्ट्री का हिस्सा हैं और उन्होंने सबसे लंबे समय तक जेम्स बॉन्ड का किरदार निभाया है। डेनियल 15 साल से बॉन्ड के किरदार के माध्यम से लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। जेम्स बॉन्ड की एडवेंचरस लाइफ से तो आप सभी वाकिफ होंगे, उनकी पर्सनल लाइफ भी बेहद रोमांचक रही है। डेनियल क्रेग के पिता एक स्टील वर्कर थे। बाद वह एक पब के मालिक बन गए। अभिनेता की मां एक आर्ट टीचर थीं। अपनी मां से प्रेरित होने के बाद ही उनके अंदर अभिनय का बीज फूटा और कला के क्षेत्र में रुचि बढ़ी। अपने पैशन को फॉलो करने के लिए अभिनेता ने नेशनल यूथ थिएटर में हिस्सा लिया। इसके बाद उन्होंने साल 1991 में गिल्डहॉल स्कूल ऑफ म्यूजिक एंड ड्रामा से ग्रेजुएशन किया। डेनियल क्रेग फिल्मों में आने से पहले एक रेस्तरां में वेटर का काम किया करते थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक इंटरव्यू में उन्होंने खुद खुलासा किया था कि 16 साल की उम्र में उन्होंने जब पढ़ाई छोड़ दी तो खुद का पेट पालने के लिए वह वेटर का काम किया करते थे। उन्होंने यह भी कहा था कि वह अगर एक्टर ना बनते तो एक प्रोफेशनल वेटर बनते। डेनियल क्रेग ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत फिल्म 'द पावर ऑफ वन' से किया। इसके बाद उन्होंने 'लारा क्रॉफ्टः टॉम्ब रेडर', 'रोड टू पर्डिशन' और 'अवर फ्रेंड्स इन द नॉर्थ' जैसी फिल्मों से अपनी मजबूत छवि बनाई। हालांकि, जेम्स बॉन्ड फ्रेंचाइजी से जुड़ने के बाद उन्होंने दुनियाभर में नाम कमाया। साल 2004 में रिलीज हुई डेनियल क्रेग की फिल्म 'लेयर केक' ने उनके जेम्स बॉन्ड बनने का रास्ता बनाया। दरअसल, निर्माताओं की नजर डेनियल क्रेग पर पड़ी और उन्होंने अभिनेता को 'जेम्स बॉन्ड' फ्रेंचाइजी के लिए साइन कर लिया। इसके बाद अभिनेता ने इस फ्रेंचाइजी की पांच फिल्में की।

### टॉलीवुड

## 'पुष्पा 2' के 'किसिक' गाने की धूम इसी पर रखा गया फिल्म का टाइटल



अल्लू अर्जुन अभिनीत 'पुष्पा 2' फिल्म के 'किसिक' गाने ने दर्शकों में तहलका मचा दिया था। दिलचस्प बात यह कि अब इस गाने से प्रेरित होकर आगामी फिल्म का शीर्षक रखा गया है। जानिए क्या है फिल्म का शीर्षक?

'पुष्पा 2ः द रूल' फिल्म में अल्लू अर्जुन और श्रीलीला के गाने 'किसिक' ने सबको अपना दीवाना बना लिया था। गाने के बोल आज भी लोगों के जुबां पर है। इस गाने ने दर्शकों के बीच में इतनी धूम मचाई कि अब इससे प्रेरित होकर एख फिल्म का शीर्षक रखा गया है, जो जल्द रिलीज होने वाली है।

'पुष्पा 2' फिल्म के किसिक गाने का प्रभाव फिल्मों के शीर्षक तक आ पहुंचा है। बॉलीवुड फिल्म 'पिंटू की पप्पी' का तेलुगु वर्जन रिलीज होने वाला है, जो टॉलीवुड के माइथ्री मूवी मेकर्स के बैनर तले रिलीज किया जाएगा। इस फिल्म का नाम है 'किस किस किसिक', जो तेलुगु भाषा के साथ तमिल, मलयालम, कन्नड़ और हिंदी संस्करण में 21 मार्च को रिलीज होगी। बॉलीवुड फिल्म 'पिंटू की पप्पी' 21 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म थी, जिसका निर्देशन शिव हरे ने किया था और फिल्म का निर्माण वी2एस एंटरटेनमेंट और गणेश आचार्य मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के बैनर तले हुआ था। इस फिल्म में सुशांत थमके, जान्या जोशी , विधि यादव , विजय राज, गणेश आचार्य मुख्य भूमिका में नजर आए थे।

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म 'पुष्पा 2' एक ब्लॉकबस्टर फिल्म साबित हुई थी। फिल्म का 'किसिक' गाना काफी चर्चा में रहा था। इस गाने में अल्लू अर्जुन और श्रीलीला ने स्क्रीन पर धूम मचा दी थी। 'किसिक' गाने को देवी श्री प्रसाद ने कंपोज किया था, वहीं ऑस्कर विजेता गीतकार चंद्रबोस ने लिखा था।

### भोजपुरी

## काजल और राज कुमार की 'पिंजरा' का ट्रेलर देख फैंस भावुक, बोले- गर्दा उड़ा दिया



भोजपुरी एक्ट्रेस काजल यादव की नई फिल्म 'पिंजरा' का ट्रेलर हाल ही रिलीज किया गया, जिसे काफी पसंद किया जा रहा है। फैंस इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। ट्रेलर की शुरुआत ही ऐसी होती है कि आंखें नम हो जाती हैं। ट्रेलर की शुरुआत काजल के किरदार से होती है। वह जेल में है और उससे पूछा जाता है कि उसने अपने पति को क्यों मारा। वह कहती है कि उसने नहीं मारा। इसके बाद दिखाया जाता है कि कैसे उसे जेल में टॉर्चर किया जाता है।

फिल्म की कहानी फ्लैशबैक में चलती है। 'पिंजरा' के ट्रेलर में दिखाया गया है कि कैसे काजल यादव के पिता उसकी शादी की बात कहते हैं, तो वह इनकार कर देती है। फिर इस बात की चर्चा होती है कि शादी बराबर वालों में करनी चाहिए। इसके बाद अचानक ही भावुक मोड़ आ जाता है, जब काजल रोते हुए कहती है कि इन आंसुओं का बहुत मोल है बाबूजी, यही हमारा आसरा है। प्रीति शुक्ला और अवधेश मिश्रा की 'आरा हिले छपरा हिले' भोजपुरी सिनेमा को देगी नई ऊंचाई, जानिए क्या बोले मेकर्स

काजल की शादी हो जाती है और ससुराल में काफी अत्याचार भी झेलती है। और फिर अचानक एक दिन उसके पति की मौत हो जाती है और काजल जेल में पहुंच जाती है। जेल में उसी बुरी तरह टॉर्चर किया जाता है। कुल मिलाकर, 'पिंजरा' का ट्रेलर एकदम झकझोर देने वाला है। फैंस इसकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।




पश्चिमी सौंदर्यबोध ने खुद को इस फॉल/विंटर 2024-2025 फैशन वीक के सबसे जरूरी ट्रेंड में से एक के रूप में स्थापित किया है। फ्लोरेंस में फैरेल विलियम्स के डिज़ाइन किए असाधारण लुई वुइटन शो को दर्शकों ने खूब सराहा। सोने से लदे मॉडल के साथ, फ्रिंज्ड पैंट, काउबॉय बूट और स्टेटसन-स्टाइल हैट ने इस शो को यादगार बनाने में योगदान दिया।

## गुलाब जल से घर पर ही तैयार करें स्किन केयर प्रोडक्ट

आप चाहें तो घर पर गुलाब जल की मदद से कुछ खास स्किन केयर प्रोडक्ट तैयार कर सकते हैं। जो आपके पैसे बचाने में भी आपकी मदद करेंगे।

### गुलाब जल फेस टोनर

इसे बनाने के लिए आपको कप गुलाब जल, 1 चम्मच एलोवेरा जेल और 2-3 बूंदें विटामिन ई ऑयल की जरूरत पड़ेगी। इसे तैयार करने के लिए सबसे पहले तो सभी चीजों को मिलाकर एक स्प्रे बोतल में भर लें। बस ये टोनर तैयार है। इसका इस्तेमाल एक दिन में 2-3 बार चेहरे पर कर सकते हैं।

### गुलाब जल फेस पैक

गुलाब जल से फेस पैक बनाने के लिए 2 चम्मच मुल्तानी मिट्टी, 1 चम्मच गुलाब जल और - चम्मच शहद की जरूरत पड़ेगी। इसे बनाने के लिए सभी चीजों को मिलाकर पेस्ट बना लें और चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें।

### गुलाब जल आई पैड्स

गुलाब जल की मदद से आई पैड्स बनाने कि लिए 2 कॉटन पैड और गुलाब जल की जरूरत पड़ेगी। अब गुलाब जल में कॉटन पैड भिगोकर आंखों पर 10-15 मिनट के लिए रखें। इससे डार्क सर्कल्स



और थकान दूर होगीये काफी ज्यादा फायदेमंद रहता है।

### गुलाब जल और ग्लिसरीन मॉइस्चराइजर

मॉइस्चराइजर बनाने के लिए सबसे पहले 2 चम्मच गुलाब जल, 1 चम्मच ग्लिसरीन और 1 चम्मच नारियल तेल को एक कटोरी में अच्छी तरह से मिक्स कर लें। सभी चीजों को मिलाकर अब इसे रोजाना त्वचा पर लगाएं। इससे स्किन सॉफ्ट और ग्लोइंग बनेगी।

## दुल्हन के सामान में जरूर होनी चाहिए ऐसी साड़ियां



ससुराल जाने के लिए अपना सामान पैक कर रही हैं तो ऐसी साड़ियां बैग में रखें जो देखने में भारी लगे ,पर पहनने में सहज हो। उन साड़ियों में आपका नई दुल्हन वाला ग्लो निखर कर आए, हालांकि आम दिनों में भी उन्हें कैरी करना आसान रहे।



### बनारसी साड़ी

पारंपरिक ट्रेंड को अपनाते हुए बनारसी साड़ी को अपने शादी वाले बैग में जरूर पैक कर लें। अधिकतर लोगों को नई दुल्हन पर बनारसी साड़ी पसंद आती है। बनारसी साड़ी हर मौके पर अच्छी लगती है। अगर शादी के बाद ससुराल में रिसेप्शन पार्टी है और आपको साड़ी पहनना है तो बनारसी साड़ी का चयन कर सकती हैं। खूबसूरत गोल्डन प्रिंट वाली लाल रंग की बनारसी साड़ी हर दुल्हन पर जंचती हैं।

### कांजीवरम सिल्क

नई दुल्हनों के लिए ये काफी सही विकल्प मानी जाती है। अगर शादी के तुरंत बाद आप किसी के घर जा रही हैं तो कांजीवरम सिल्क की साड़ी पहन सकती हैं। इसके साथ मेचिंग ज्वेलरी पहनकर अपना लुक पूरा करें। इस तरह की साड़ी बहुत अधिक हैवी नहीं होती और आपको काफी क्लासी लुक देती हैं।

### बॉर्डर वाली साड़ी

इस तरह की साड़ियां चलन में हैं। ये नई दुल्हन की सुंदरता और सहजता दोनों को बरकरार रखती हैं। इसमें पूरी प्लेन साड़ी पर हैवी सा बॉर्डर काफी प्यारा लुक देता है। इस तरह की साड़ी नई दुल्हन वाला लुक भी बरकरार रखती हैं और उठने-बैठने व चलने में सहज होती हैं।

### बांधनी प्रिंट साड़ी

दुल्हनों को अपने कलेक्शन में बांधनी प्रिंट साड़ी को जरूर शामिल करना चाहिए। इस तरह की साड़ी पूजा के समय पहन सकती हैं। ये देखने में काफी एलिगेंट लुक देती है। पहनने में हल्की और सॉफ्ट होती हैं। साथ ही अगर आपको बहुत अच्छे से साड़ी पहनना नहीं आता, तो इनकी प्लीट्स आदि बनाना भी आसान होता है।

## नेल एक्सटेंशन करवाने से पहले जान लीजिए इसका असर भी

नेल एक्सटेंशन खूबसूरत और स्टाइलिश लुक देने का एक शानदार तरीका है, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इसके कुछ साइड इफेक्ट्स भी हो सकते हैं? अगर सही देखभाल न की जाए या घटिया क्वालिटी के प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल हो, तो यह आपके प्राकृतिक नाखूनों और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक साबित हो सकता है।

### नेल एक्सटेंशन के संभावित नुकसान

नाखूनों की कमजोरी – बार-बार नेल एक्सटेंशन करवाने से आपके प्राकृतिक नाखून पतले और कमजोर हो सकते हैं।

फंगल और बैक्टीरियल इंफेक्शन – अगर सही तरीके से सफाई न हो, तो नाखूनों के नीचे बैक्टीरिया और फंगस पनप सकते हैं, जिससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ जाता है।

एलर्जी और जलन – कुछ लोगों को ऐक्रेलिक, जेल, या इस्तेमाल किए गए केमिकल्स से एलर्जी हो सकती है, जिससे खुजली, जलन और लालिमा जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**नाखूनों का टूटना या परतदार होना** –



गलत तरीके से लगाए या हटाए जाने पर आपके प्राकृतिक नाखून कमजोर होकर टूट सकते हैं या उनकी सतह खराब हो सकती है।

हाई मेंटेनेंस और महंगे – खूबसूरत दिखने वाले नेल एक्सटेंशन को लंबे समय तक बनाए रखने के लिए बार-बार फीलिंग्स (refill-ing) करवानी पड़ती है, जो न केवल खर्चीला बल्कि समय लेने वाला भी होता है।

इन टिप्स से करें नुकसान से बचाव

हमेशा प्रोफेशनल नेल टेक्नीशियन से ही नेल एक्सटेंशन करवाएं। सिर्फ हाई-क्वालिटी और सुरक्षित ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स का ही इस्तेमाल करें।एक्सटेंशन के बाद नाखूनों की सफाई और मॉइस्चराइजिंग का खास ख्याल रखें। नाखूनों को प्राकृतिक रूप से गैप लेने देने के लिए बीच-बीच में ब्रेक लें।

## इन लोगों को गलती से भी नहीं करना चाहिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

आपके कभी न कभी किसी न किसी के मुंह से सुना होगा कि एलोवेरा जेल त्वचा को काफी फायदा पहुंचाता है, जोकि सच भी है। पर, ये बहुत से लोगों को नहीं पता है कि एलोवेरा के इस्तेमाल से फायदे के साथ-साथ नुकसान भी हैं। दरअसल, ये हर किसी को सूट नहीं करता है। इसलिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल भी अपनी त्वचा के हिसाब से ही करना चाहिए। यहां हम आपको उन लोगों के बारे में भी जानकारी देने जा रहे हैं, जिनको एलोवेरा जेल का इस्तेमाल बिल्कुल भी नहीं करना चाहिए। यदि ये लोग एलोवेरा जेल इस्तेमाल करेंगे तो उनकी त्वचा को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### संवेदनशील त्वचा वाले लोग

यदि आपकी त्वचा संवेदनशील है तो एलोवेरा का इस्तेमाल सोच-समझ के करें। कुछ लोगों की त्वचा एलोवेरा में मौजूद तत्वों से रिएक्ट कर सकती है, जिससे खुजली, जलन, लालिमा या रैश हो सकते हैं। यदि इस्तेमाल कर रहे हैं तो एक बार पैच टेस्ट करें। इसके लिए सबसे पहले थोड़ा सा जेल हाथ पर लगाकर 24 घंटे तक



देखें कि कोई रिएक्शन होता है या नहीं।

### ड्राई स्किन वाले लोग

यदि आपकी त्वचा ड्राई है तो भी इसके इस्तेमाल से बचें। एलोवेरा जेल त्वचा से प्राकृतिक नमी खींच सकता है, जिससे त्वचा और ज्यादा रूखी हो सकती है। अगर लगाना चाहते हैं, तो एलोवेरा के साथ मॉइस्चराइजर या नारियल तेल मिलाकर लगाएं, ताकि आपकी त्वचा पर ड्राईनेस ना बढ़ने पाएं।

कार्नर न्यूज

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी का चलन अपनी जगह, लेकिन सावधानी जरूरी

## आर्टिफिशियल गहने खरीदते समय रखें इन बातों का ध्यान, वरना पानी में जाएंगे पैसे

यदि आपको भी मैचिंग के आर्टिफिशियल गहने पहनने का काफी शौक है, तो इन्हें खरीदते समय कुछ बातों का ध्यान अवश्य रखें। वरना आपके पैसे बर्बाद हो जाएंगे। सोने-चांदी के दाम लगातार बढ़ते जा रहे हैं। ऐसे में हर किसी के लिए सोने-चांदी के गहने खरीदना काफी मुश्किल हो गया है। ऐसे में शादी-विवाह के मौके पर महिलाएं मैचिंग की आर्टिफिशियल ज्वेलरी कैरी करना पसंद करती हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी आजकल फैशन का अहम हिस्सा बन चुकी है। ये न सिर्फ स्टाइलिश और अफोर्डेबल होती है, बल्कि इसे आप हर आउटफिट के साथ आसानी से मैच कर सकते हैं। आर्टिफिशियल ज्वेलरी आसानी से ऑफलाइन और ऑनलाइन मिल जाती है, लेकिन सही और टिकाऊ आर्टिफिशियल गहने खरीदने के लिए कुछ खास बातों का ध्यान रखना जरूरी है



### चेक करें क्वालिटी

कभी भी पैसे बचाने के चक्कर में खराब क्वालिटी वाले गहने न खरीदें। गहनों का मटेरियल हमेशा मजबूत और अच्छी फिनिशिंग वाला होना चाहिए। खराब फिनिशिंग वाले गहनें आपके लुक को बिगाड़ सकते हैं, वहीं सस्ती और हल्की क्वालिटी के गहने जल्दी काले पड़ सकते हैं या टूट सकते हैं।

### त्वचा के हिसाब से करें चयन

अगर आपको एलर्जी की समस्या है, और आपकी त्वचा काफी संवेदनशील है तो निकेल-फ्री और हाइपोएलर्जेनिक ज्वेलरी खरीदें। स्टेनलेस स्टील, सिल्वर प्लेटेड या



ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी स्किन के लिए बेहतर होती है। ये त्वचा पर किसी तरह का प्रभाव नहीं डालती।

### पॉलिशिंग पर दें ध्यान

गहने खरीदते समय उसकी पॉलिश अवश्य जांचें। दरअसल, अच्छी क्वालिटी के गहनों में गोल्ड, रोज़ गोल्ड, सिल्वर या एंटी-टार्निश कोटिंग होती है, जिससे वे जल्दी फीके नहीं पड़ते। अगर गहनों की पॉलिशिंग सही नहीं होगी, तो वे जल्दी काले हो सकते हैं या रंग छोड़ सकते हैं। इससे आपकी त्वचा पर भी खराब प्रभाव पड़ सकता है।

### ज्यादा भारी गहनों से रहें दूर

आर्टिफिशियल गहने कभी भी ज्यादा हैवी नहीं होने चाहिए। खासतौर पर यदि आप इसे डेली में पहनने का विचार कर रहे हैं, तब तो हल्के गहने ही खरीदें। लंबे समय तक पहनने के लिए लाइटवेट और फ्लेक्सिबल डिज़ाइन बेहतर होते हैं।